

पटना, सोमवार, १९ अक्तूबर, २०२६ सौर ३१ आश्विन सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

KP GROUP
Quality Since 1965
कमला पसन्द
देश का स्वाद
DIAMOND JUBILEE
Glorious
61
Years of Excellence
अनोखा स्वाद
No Tobacco, No Nicotine
Not recommended for minors
Chewing of pan masala is injurious to health


गोरगावां, खगौल



एबीसी क्लब, मछुआटोली


चैलीटांड़, पटना सिटी



अमरूदी गली


पटना सिटी


त्रिपोलिया


गाभतल, दानापुर



आशियानानगर


किदवईपुरी


डाकबंगला चौराहा


हाजीगंज, पटना सिटी


पटना सेन्ट्रल स्कूल


तरकरिया बाजार, दानापुर


साईं मंदिर, कुर्जी


फतेहपुर



आज



पटना, सोमवार, १९ अक्तूबर, २०२६ सौर ३१ आश्विन सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

शारदीय नवरात्र

नवम सिद्धिदात्री



माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। इस देवी के दाहिनी तरफ नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल का पुष्प है। इनका वाहन सिंह है और यह कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। नवरात्र में यह अन्तिम देवी हैं। हिमाचल के नन्दापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। मान्यता है कि इनकी पूजा करने से बाकी देवियों की उपासना भी स्वंय हो जाती है।यह देवी सर्व सिद्धियाँ प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से संभव हो जाते हैं। अणिमा, महिमा, गरिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियाँ होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इन्हें पुष्पाञ्जली अर्पित करने का मंत्र है-

सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात्
सिद्धिदा सिद्धि दायिनी॥

दुर्गोत्सव परवान पर, मेले में जनसैलाब

(आज समाचार सेवा)

पटना। शंख एवं घण्टे की ध्वनि और वेद एवं श्रीदुर्गासप्तशती के संस्कृत मंत्रोच्चार के गूंजते स्वर के बीच महाष्टमी की पूजा एवं उपासना की बांग्ला पद्धति के तहत कुमारी पूजन के साथ ही शक्ति की अधिष्ठात्री की साधना का महापर्व शारदीय नवरात्र अब अपने चरम पर है। महाष्टमी को नवदुर्गा के आठवें रूप देवी महागौरी की साधना-उपासना, पूजा-अर्चना और वंदना-अभ्यर्थना हुई। सोमवार को नवदुर्गा के नौवें रूप देवी सिद्धिदात्री की साधना-उपासना, पूजा-अर्चना और वंदना-अभ्यर्थना के साथ ही साधोपासना का यह महापर्व पूर्णता को प्राप्त करेगा। दुर्गोत्सव के परवान पर चढ़ने के साथ ही यहां राजधानी पूरी तरह से लोकमेले में तब्दील हो गयी है। और, शाम ढलने के बाद पूजा पंडालों की ओर जाने वाली सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है। लगता है, मानो राजधानी ने रात में अपना श्रृंगार रंगबिरंगी रोशनी से

कुमारी पूजन के साथ शारदीय नवरात्र पूर्णता की ओर

(शेष पृष्ठ ९ पर)



अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग

ड्राइवर समेत 2 लोग घायल, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली हमले की जिम्मेदारी

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के जुहू में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता और जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ पर 3 अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की है। हालांकि इस हमले में टाइगर श्रॉफ बाल-बाल बच गए, लेकिन उनके ड्राइवर समेत 2 लोग घायल हो गए हैं। घटना रविवारकी शाम को जुहू के पुष्पा पार्क के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे और इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि टाइगर श्रॉफ पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें गोली नहीं लगी है।



मुंबई पुलिस ने पुष्टि की है कि टाइगर श्रॉफ को कोई चोट नहीं आई है और इस घटना की जांच चल रही है। मुंबई पुलिस ने ये भी बताया है कि टाइगर की कार पर 7

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सूचना

दुर्गापूजा के शुभ अवसर पर 'आज' प्रेस एवं कार्यालय १९ तथा २० अक्तूबर २०२६ को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक २२ अक्तूबर (गुरुवार) को प्रकाशित होगा।

शुभकामना

दुर्गापूजा के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं, समाचार पत्र अभिकर्ताओं एवं हॉकर बंधुओं को 'आज' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रबंध संपादक एवं व्यवस्थापक

कोलकाता भगदड़ में सात गिरफ्तार, जांच कमेटी गठित



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ कोलकाता स्थित चोरबगान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार को मची भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं, 25 लोग घायल हुए हैं. सभी का इलाज जारी है. पीएम मोदी से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने शोक जताया है. साथ ही प्रभावित परिवार और लोगों के लिए मुआवजा राशि का ऐलान

(शेष पृष्ठ ९ पर)

एसबीआई फिर बना विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय स्टेट बैंक को ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने लगातार दूसरे साल विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक 2026 पुरस्कार से सम्मानित किया है। देश के सबसे बड़े लेंडर एसबीआई ने एक बयान में कहा कि ये सम्मान डिजिटल इनोवेशन, बेहतर सर्विस और ओवरऑल डेवलपमेंट के प्रति प्रतिबद्धता के जरिए कस्टमर-सेंट्रिक बैंकिंग में ग्लोबल स्टैंडर्ड्स स्थापित करने की उसकी लगातार सफलता को दर्शाता है। बताते चलें कि भारतीय

(शेष पृष्ठ ९ पर)

तीन करोड़ की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (आससे)। राजस्व आसूचना निदेशालय और बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।टीम ने करीब तीन किलोग्राम चरस जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ रुपये बताई गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चरस की खेप नेपाल से भारत लाई गई थी और इसे उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद भेजने की योजना थी। डीआरआई

डीआरआई और एसटीएफ की संयुक्त काररवाई

(शेष पृष्ठ ९ पर)

टाटा ट्रस्ट देश भर में खोलेगा 50 नये अस्पताल

मुंबई (एजेंसी)। टाटा ट्रस्ट देशभर में 40 से 50 गैर-लाभकारी सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इस मॉडल में इलाज का खर्च उठाने में सक्षम मरीजों से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल उन लोगों के इलाज में मदद के लिए किया जाएगा, जो इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने वित्त वर्ष 2025-26 की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य सिर्फ पैसा खर्च करना नहीं, बल्कि ऐसे संस्थान बनाना है जो लंबे समय तक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मनेर में पैक्स अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

मनेर (आससे)। थाना क्षेत्र के ब्यापुर में रविवार की देर रात दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में पैक्स अध्यक्ष कीगोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में मनेर प्रखंड प्रमुख के पति को भी गोली लगी है। जिसे गम्भीर अवस्था मे ईलाज के लिए दानापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना मनेर थाना क्षेत्र के ब्यापुर मस्जिद के पास रविवार की देर रात की है। बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने दशहरा मेले में लगी भीड़ का फायदा उठाकर दोनों पर गोलीबारी कर दी, जिससे मेले में भगदड़ मच गई। इस गोलीबारी में ब्यापुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजीत

(शेष पृष्ठ ९ पर)

Mangalya GROUP
Home | Hope | Happiness

महानवमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ

FULLY PAID-UP LAND
2/3 BHK & Appartments
POSSESSION STARTED

NOVENA GREEN



SWAMIH INVESTMENT FUND I
Managed By
SBI Ventures

OC RECEIVED

RERA REGD No: UPRERAPRJ8646 | www.up-rera.in
Ac no: 57500001458780 |IFSC: HDFC0000003
Branch: KG Marg, New Delhi
Launch Date: 01.11.2013

Novena Green, Plot no. CP GH 05B, Tech Zone IV, Greater Noida (West)

+91 84-120-86-120
www.mangalyagroup.in

Disclaimer - visual are graphically created may be different from actual

सैकड़ों वर्ष प्राचीन हैं रानीपुर की काली जी

बड़ी दुर्गा के बाद निकलती है मां काली की शोभा यात्रा

-संजीवन कुमार जमुआर -

पटना सिटी। कहने को तो पाटलिपुत्र नगर में कई प्राचीन देवी मंदिर हैं लेकिन इन मंदिरों से हटकर है रानीपुर की प्राचीन काली मंदिर शक्ति पीठ से कम नहीं है यहां हर वर्ष दशहरा में मारूफगंज की श्री बड़ी देवी जी के बाद ज्यादा भीड़ श्रद्धालु भक्तों की लगती हैं।



जनश्रुति है कि दस हजार से ऊपर की आबादी में बैठने वाली मां काली की महीमा ऐसी है यहां कम आय के लोग भी काफी खुश रहते हैं लोग नवरात्र आगमन के पहले से तैयारी में लग जाते हैं ख़ासतौर पर मां काली के विसर्जन में हजारों -हजार लोग नाचते गाते भ्रदघाट में विसर्जन के लिए जाते हैं वहीं सुदर्शन पथ के रास्ते से अशोक राजपथ होते हुए जाने वाली शोभायात्रा में जगह-जगह पुष्प की वर्षा होती है। जानकार लोग बताते हैं कि मां काली की ऐसी महिमा है कि मंदिर के आसपास की आबादी वाले लोग कोई भी विपदा आने के पहले आवास हो जाती है।

शारदीय नवरात्र पर विशेष

इस संबंध में स्थानीय निवासी दरबारी गोप को बताते हैं कि काली मंदिर में एक काली की प्रतिमा पहले से स्थापित है दूसरे बैठने वाली मां काली का विसर्जन किया जाता है वहीं कई बार शोभा यात्रा के दौरान हंगामा व मारपीट की घटना घट चुकी है इसको लेकर प्रशासन सतर्क और तैयारी में रहते हैं यहां सालो भर मां काली की पूजा अर्चनाहोती है। बहरहाल मां काली की महीमा ऐसी है कि लोग दर्शन से नहीं चुकते है।

आजादी की लड़ाई की गवाह है फतेहपुर की दुर्गा पूजा

फुलवारी शरीफ। पटना के फतेहपुर गांव स्थित श्री श्री दुर्गा दिव्य स्थानम धार्मिक आस्था के साथ स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों को भी संजोए हुए है. करीब नौ दशक पुराने इस मंदिर में वर्ष 1933 में भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गयी थी, जबकि 1934 से मां दुर्गा की पूजा की परंपरा शुरू हुई, जो आज भी जारी है. फतेहपुर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य चंद्र मौली शशि के अनुसार, उनके दादा रमन बिहारी सिंह के नेतृत्व में गांव के कई लोग महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े थे. रामदयालु सिंह, लालदेव सिंह और कहार समाज के तोताराम समेत कई लोगों ने अगस्त क्रांति के दौरान सक्रिय भूमिका निभायी थी. इसी दौर में गांव में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गयी. पुराने पूजास्थल को मंदिर के नीचे आज भी सुरक्षित रखा गया है. मंदिर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह के अनुसार, पहले यहां जमीन का स्तर काफी नीचे था. बाद में मंदिर का विस्तार कर भव्य स्वरूप दिया गया, लेकिन पुराने पूजास्थल को संरक्षित रखा गया. वर्तमान मंदिर के बेसमेंट में मौजूद इस ऐतिहासिक स्थान पर श्रद्धालु आज भी पूजा-अर्चना करते हैं. मंदिर की धार्मिक परंपरा के साथ सांस्कृतिक विरासत भी जुड़ी है. शारदीय नवरात्र में सप्तमी, अष्टमी और नवमी की रात स्थानीय कलाकार तीन दिवसीय नाटक का मंचन करते हैं. पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी कायम है. पूजा-अर्चना और नाटक देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं.



मंदिरों में भगवती के दर्शन-पूजन को जुटे भक्त

सिद्धिदात्रि की उपासना व संधि पूजा आज, निशा पूजा का अनुष्ठान

पटना सिटी (आससे)। शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भीड़ महागौरी की उपासना के लिए शक्तिपीठ मंदिरों व देवी मंदिरों में जुटी रही ,देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना व महाअष्टमी व्रत व रात को निशा पूजा का अनुष्ठान हुआ, सोमवार को देवी के नवम स्वरूप सिद्धिदात्रि की उपासना होगी जबकि बड़ी देवी जी मारुफगंज में उपाध्यक्ष संत कुमार गोलवारा व सचिव राजेश कुमार की उपस्थिति में दुर्गा देवी कल्पारंभ हुई.। इन लोगों ने बताया कि सोमवार को सुबह में संधि पूजा हुई.सी प्रकार से दलहट्टा बड़ी देवी जी व नंदगोला बड़ी देवी जी में भी संधि पूजा का अनुष्ठान सोमवार को होगा। इसी प्रकार से खाजेकलां काली मंदिर के पुजारी आचार्य प्रेम किशोर मिश्र की देखरेख में सोमवार को संधि पूजा के बाद हवन व कन्या पूजन होगा।

इससे पहले शारदीय नवरात्रि शक्तिपीठ बड़ी -छोटी पटना देवी,मां शीतला मंदिर, सर्वमंगला मंदिर गुलजारबाग, प्यारे लाल के बाग मां शीतला मंदिर,बेना साह का बाग देवी मंदिर,मां शीतला मंदिर हरनाहा टोला देवीस्थान, दीरा पर स्थित श्मशान काली मंदिर, पीतांबरा मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी व भोलू गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी ,सीता राम पाण्डेय,अगमकुआं शीतला माता मंदिर में सुनील पुजारी,बड़ी देवी जी महाराजगंज में निशा पूजा का अनुष्ठान मध्य रात हुआ।. दूसरी ओर खाजेकलां बड़ी देवी अमरजीत कुमार टिंकल गुप्ता, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति,चैलीटाड़ मनोरंजन पूजा समिति,बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग, गुरहट्टा स्थित देवी स्थान समेत अन्य जगहों पर पूजा अर्चना हुई.



बड़ी देवी का होगा मिलन अस्थायी थाना कार्य करेगा

पटना सिटी (आससे)। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान मिलन स्थल शेख बूचर की चौराहा पुरानी सिटी कोर्ट के पास श्री बड़ी देवी जी मारुफगंज व महाराजगंज के मिलन का दृश्य व खोइछा की अदला बदली होगी. इसकी तैयारियों को लेकर श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति की बैठक सचिव दिव्य राज विनायक अध्यक्षता व सदस्य अंकित राज व सर्वेस हंसराज के संचालन में हुई. दूसरी ओर दुर्गा पूजा में विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से दो जगहों पर अस्थायी थाना खोला जायेगा।इस संबंध में एसडीओ कशिश बक्शी ने बताया कि दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए विसर्जन स्थल भद्र घाट व गायघाट में अस्थायी थाना खुलेगा. जिसमें दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गयी है. विसर्जन के लिए लॉ कॉलेज घाट,कंगन घाट समेत अन्य जगहों पर कृत्रिम तालाब व भद्र घाट, गायघाट के पास चाली का निर्माण कराया गया है. प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा.मिलन के दौरान भी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी।

दानापुर में शारदीय नवरात्र की धूम

भक्तजन मां भगवती की पूजा-अर्चना में डूबे, सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब

दानापुर (आससे)। यहां समूचे दानापुर नगर सहित आस-पास के इलाकों में शारदीय नवरात्र की धूम मची हुई है। शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां भगवती की पूजा-अर्चना , अराधना में श्रद्धालु भक्तजन मानो अब डूब चुके हैं। यहां का सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय है। आज इस नवरात्रि की महाअष्टमी को नौ दुर्गा की नाना स्वरूपों में माता महागौरी की पूजा-अर्चना विधिवत की गई। वैसे यहां नगर में अवस्थित सभी मंदिरों से लेकर छोटे बड़े आकर्षक पूजा पंडालों में स्थापित शक्ति स्वरूपा देवी मां भगवती की पूजा-अर्चना के लिए भक्तजनों की अपार भीड़ लगी हुई थी। जहां ढोल नगाड़े, झाल मंजीरे के साथ ही मां भगवती देवी महिमा की पारंपरिक गीत संगीत से पूरा शहर गुंजायमान है। इस पावन बेला में श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, मंगलाचरण, वंदना व आरती की गुंज से सम्पूर्ण वातावरण सुभाषित हो उठा है। इससे यहां हरेक चौक चौराहे गुलजार है।पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा है।



सड़कों पर अपार जन सैलाव उमड़ पड़ा है। इस बीच यहां के प्रमुख पूजा समितियों के द्वारा दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं में परसाद वितरण का कार्यक्रम लगातार जारी है। इन पूजा समितियों के कार्यकताओं के द्वारा लाउडस्पीकर से भीड़ को नियंत्रित करने का काम करते रहे।

चंडी पाठ के साथ शस्त्र दर्शन

पटना सिटी (आससे)। शारदीय नवरात्र को लेकर श्री तख्त हरमंदिर जी पटना साहिब में जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देख रेख में चंडी दी वार की पाठ हुई.। वहीं दशमी तक शस्त्र दर्शन का अनुष्ठान चल रहा है जत्थेदार ने बताया कि दशमी को पाठ का समापन होगा।

कहीं राधा कृष्ण मंदिर तो कहीं चलती-फिरती देवी जी

पटना सिटी (आससे)। जैसे-जैसे नवरात्र के दिन चढ़े लगी है वैसे वैसे पूजा पंडालों से लेकर सड़कों पर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ उमड़ने लगे है। लोग खुब दशहरा का लुत्फ उठा रहे हैं कहीं राधा कृष्ण मंदिर के गेट बने हैं तो कहीं चलती फिरती देवी जी तो कहीं मधुबनी पेंटिंग के गेट आकर्षण का केंद्र बना हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार भारत माता पूजा समिति की ओर से नूरूउद्धीगंज में सनातन धर्म के धार्मिक ग्रंथ रामायण पर आधारित झांकी है जिसमें रावण वध, रावण के दरबार में अंगद का पांव उठे प्रसंग, लक्ष्मण जी को शक्तिवान लगने, श्रीकृष्ण लीला के दृश्य तो कहीं खाटू धाम में घटो चेक बर्रबरी अपना सर काटकर भगवान श्रीकृष्ण को देते समेत अन्य झांकी शामिल हैं।

दशमी के दिन घाट पर तैनात रहेंगे सिविल डिफेंस के वार्डेन

पटना सिटी (आससे)। दुर्गापूजा के विजयादशमी के दिन गंगा घाटों पर सिविल डिफेंस के वार्डेन की तैनाती की गई है,जो भीड प्रबंधन व विधि व्यवस्था संधारण के लिए कार्य करेंगे।अनुमंडल के भद्रघाट, गायघाट, लॉ कालेज घाट, कंगनघाट और किला घाटों पर वार्डेन तैनात रहेंगे।

सिविल डिफेंस के वार्डेन में गणेश कुमार, संतोष कुमार, मयंक शेखर, मनोहर सिंह, रामकुमार, मोनी कुमारी, प्रवीण प्रीतम, प्रकाश कुमार, राजीव पांडे गंगौल,विजय कुमार सिंह,एवं जयप्रकाश त्रिवेदी अन्य वार्डेन को तैनात किया गया है। बताते चले कि इन घाटों पर दुर्गा पूजा में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। दूसरी ओर दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के लिए अभी तक कृत्रिम तालाब नहीं बनने पर पूजा समितियों ने रोष व्यक्त किया है ।

इस संबंध में समिति के अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा व मुख्य संरक्षक सहपूर्व पार्षद लल्लू शर्मा ने जिला प्रशासन एवं पटना नगर निगम के आयुक्त से मांग की है कि अभी दो दिन बच गए हैं जो कृत्रिम तलाब बनकर 10 दिनों पहले ही बन जाती थी सो नहीं बनी है इसे अतिशीघ्र कृत्रिम तालाब बनवाने , सड़कों एवं घाट की सफाई व्यवस्था करने, विद्युत आपूर्ति करने ,आदि की मांग शीघ्र की है, ताकि पूजा समितियों को कठिनाई न हो।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टीवी में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- **विद्या सागर विद्यार्थी**

राजनैतिक दल का नाम- **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम- **बिहार विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम- **03-सारण शिक्षक**

मैं विद्या सागर विद्यार्थी (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सारण, छपरा	661 सन् 26	लंबित	126(1), 119(2), 109 303, 208

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख(खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टीवी में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता- **विवेक शर्मा**

राजनैतिक दल का नाम- **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम- **पटना शिक्षक**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम- **001 पटना शिक्षक**

मैं **विवेक शर्मा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1.	मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पटना	जी.आर. नं. 8656 सन् 2019 कोतवाली थाना कांड सं. 931 सन् 2019	147, 148, 149, 341 342, 323, 353, 504 506, 188 भा.दि. विधान एवं धारा 9 लाउडस्पीकर एक्ट	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

माता के दरबार के दर्शन को निकले नगरवासी

बंगीय दुर्गापूजा में सप्तमी को अधिक पूजा, महाष्टमी कुमारी पूजन आज

पटना (आससे)। सुरोद्यान पूजा अनुष्ठान समिति बंगाली अखाड़ा में आज भी सप्तमी अधिक की पूजा की गयी। आज सोमवार को कुमारी पूजन १०.३० बजे से होगा। राम कृष्ण मिशन आरम की दुर्गापूजा में कुमारी पूजन का समय होगा ५.१५ बजे। अष्टमी पूजा पुष्पांजलि इसी अनुरूप पटना कालिबाड़ी, यारपुर, सार्वजननीन दुर्गापूजा समिति मीठापुर, छज्जूबाग सहित सभी बंगीय समाज के दुर्गोत्सव में। ढाक की ध्वनि पर ध्वनित रहा दुर्गापूजा का दिव्य दर्शन आज सप्तमी की अधिक पूजा में। देवी तीर्थों में महाष्टमी पूजा सहित मध्यरात्रि में महानिशा पूजा आरंभ हुआ। बड़ी पटन देवी मंदिर में प्रात: चार बजे तक पूजा सम्पन्न किया गया। इस तरह समयानुसार मुहूर्त में सभी देवी स्थानों एवं पूजा पंडालों में हुई महाष्टमी को महानिशा पूजा। पटना का प्रसिद्ध देवीतीर्थ अखंडवासिनी मंदिर में भगवती का राजोपचार विधि से पूजन सम्पन्न किया यहां के देवी पीठाधीश पं. विशाल तिवारी ने। देवी तीर्थों का



दृश्य उपस्थित किया कतारबद्ध श्रद्धालुओं की श्रद्धांभक्ति का भाव। यह एकमात्र स्थान है जहां देवी

महानिशा पूजा में हुआ मां का जागरण

अखाड़ावासिनी का अखण्ड दीप ११२ वर्षों से प्रज्ज्वलित है। कामना फलदायक देवी के रूप में यहां से जुड़ी है लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास। महाष्टमी के व्रतियों ने व्रत रखा महागौरी की पूजा करके सुख सौभाग्य की कामना की। आध्यात्मिक फाउण्डेशन के तंत्र मंत्र प्रधान नवरात्र अनुष्ठान में बड़ी पटन देवी भगवती को छाग बलि दिया गया। प्रशस्त ठाकुर ने कहा मां दुर्गा के राजसिक पूजा में बलि का विधान सुनिश्चित है, उसी परंपरा के अनुसार उसी मंत्र से परंपरा का पालन किया जाता है। तंत्र साधना की गुरुगम्य विद्या है जिसका प्रदर्शन वर्जित है।

पंडालों में आयोजित राजधानी की दुर्गापूजा का दर्शन करने सड़कों पर उमड़े श्रद्धालुओं से भरी रही नालारोड, आर्य कुमार रोड, मछुआटोली, लंगरटोली- बंगाली अखाड़ा, दियापुर गोला देवी स्थान, ठाकुरबाड़ी रोड, पश्चिम लोहानीपुर, पीरमुहानी, पटना जंक्शन, डाकबंगला रोड कोतवाली तक दर्शनार्थियों का मेला लगा रहा देर रात तक खाते पीते, सेल्फी लेते, क्लिक करते दुर्गापूजा में मां दुर्गा का महाष्टमी दर्शन करते रहे। आज सोमवार को तीन तरह की दिखेगी मां दुर्गा की पूजा आराधना में। वगीय समाज के अनुष्ठान में महाष्टमी पूजन कुमारी पूजन होगा। अन्यत्र अधिकोश पूजा में आज सोमवार को महाष्टमी तिथि पृद्धि पूजा की गयी। मंगलवार को वंगीय समाज की पूजा और शेषपूजा स्थलों में महानवमी पूजन होगा। २१ अक्तूबर को अपराजिता पूजा सहित देवी विसर्जन, कलश विसर्जन होगा।

प्रमुख पंडालों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

पटना। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने रविवार को जिले के प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सुविधाओं का जायजा लेते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भीड़ का अनावश्यक दबाव नहीं बढ़ने दिया जाए और सभी पदाधिकारी अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैद रहें। अधिकारियों ने कहा कि भीड़ प्रबंधन में मामूली चूक भी गंभीर घटना का कारण बन सकती है। ऐसे में सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखें और किसी भी संभावित समस्या पर आपसी समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई करें।

पूर्व सीएम ने उप मुख्यमंत्री के साथ लगायी हाजिरी



पटना सिटी (आससे)। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना का अनुष्ठान सुनील पुजारी,जय प्रकाश पुजारी, पंकज पुजारी, छोटू पुजारी ,अमरनाथ बबलू ने करायी।. शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा अर्चना करायी.वहीं माता का आशीष चुनरी दी. इस दौरान पूर्व सीएम ने मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति की जानकारी ली. इसके बाद शक्तिपीठ छोटी पटनदेवी पहुंचे. जहां पर पुजारी आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी, ने पूजा अर्चना का अनुष्ठान कराया. यहां से पूर्व सीएम मारूफगंज बड़ी देवी जी पहुंच कर दर्शन पूजन की. पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य में सुख,शांति और खुशहाली की कामना भगवती से की है. छोटी पटनदेवी में पूर्व सीएम का स्वागत जदयू नेता अनंत अरोड़ा,रूचि अरोड़ा व प्रवीण चौधरी समेत अन्य ने की

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING

(UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/15 Dated 18.10.2026

Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Round-3 Counselling held from 16.10.2026 to 17.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-3 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Round-3 Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from** 19.10.2026.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

मां दुर्गा के दर्शन करने पहुंचे राज्यपाल

निजप्रतिनिधि

पटना। पटना में शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर मां दुर्गा की भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। शहर के अलग-अलग पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस खास मौके पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भी मां दुर्गा के दर्शन करने पटना के डाकबंगला चौराहा स्थित पूजा पंडाल पहुंचे। यहां उन्होंने माता रानी से देश और प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शारदीय



नवरात्रि के आठवें दिन यानी महाअष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह से ही पटना के प्रमुख दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना कर रहे हैं। इसी क्रम में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन डाकबंगला चौराहा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। पूजा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने मां दुर्गा के दर्शन कर प्रदेश और देश में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

निशांत पहुंचे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, की पूजा

पटना (आससे)। राजधानी के प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में आज स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पहुंचकर माँ दुर्गा की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की।नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने रविवार को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंचकर माँ दुर्गा दरबार, बजरंगबली दरबार, भगवान शंकर दरबार, श्री राम दरबार, भगवान चित्रगुप्त दरबार, माँ दक्षिण काली दरबार में पूजन, आरती, अभिषेक संपन्न किया। उन्होंने इस अवसर पर मां दुर्गा से बिहार की समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. प्रो. रणबीर नंदन ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वास्थ्य मंत्री जी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूजा-अर्चना के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री ने माँ दुर्गा से प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और



मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पावन पर्व शक्ति और भक्ति का प्रतीक है और ऐसे प्राचीन मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत के केंद्र हैं।

इस मौके पर प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि सरकार राज्य के सभी प्राचीन मंदिरों और धार्मिक न्यासों के जीर्णोद्धार एवं व्यवस्थित संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी का ऐतिहासिक महत्व है और इसके विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इस मौके पुजारी मुकेश रंजन झा,अभिषेक कुमार,अमन राज,सत्य प्रकाश पांडेय,वेद प्रकाश,ओम तिवारी सहित स्थानीय श्रद्धालु एवं स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशांत किशोर की बढ़ीं मुश्किलें

पटना (निप्र.)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं और यहाँ तक कि उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेकर कथित तौर पर गोली मारने से जुड़ा बयान देने के मामले में पटना के साइबर थाने में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रवीण कुमार नाम के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर प्रशांत किशोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का हवाला देते हुए आशंका जताई गई है कि इस तरह के बयान से कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेकर प्रशांत किशोर की कथित टिप्पणी के बाद बिहार की राजनीति में विवाद गहरा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने वीडियो क्लिप का हवाला देते हुए प्रशांत किशोर पर मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इस मामले में उनसे माफी मांगने की मांग भी की थी। इसके बाद प्रशांत किशोर ने राज्य सरकार को चुनौती दी थी कि यदि उनके बयान में कुछ गलत है, तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। अब पटना के साइबर थाने में उनके खिलाफ शिकायत दिए जाने से यह मामला और चर्चा में आ गया है।

इधर प्रशांत किशोर ने अपने बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी बातों को तोड़-मरोड़कर नहीं दिखाया जाना चाहिए।

Format-C-7

(For political parties to publish in the newspapers, social media platform & website of the party) Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal's antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's direction issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition no. © 2192 of 2018 in Wp © no. 536 of 2011

Name of Political Party: Independent Candidate

***Name of the Election:** Saran Shikshak Nirvachan

Name of State/UT: BIHAR

(1) Name of the Constituency: Saran

Name of the Candidate: Himanshu Shekhar

Sl. No.		
1.	**Criminal antecedents** a. Nature of offences	Sec. 341,323,307,337,338,506 & 34-IPC.
	b. Case no.	Siwan Town Thana Case No 225 /2024
	c. Name of the court	C.J.M. Siwan
	d. Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e. Date of conviction if any	N/A
	f. Details of punishment undergone, if any	N/A
	g. Any other information required to be given	N/A
2.	**The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidates (not more than 100 words)**	The candidate possesses excellent educational qualifications and extensive experience in the fields of education and social service. The candidate comes from a family with a strong and longstanding association with the teaching profession. Both the candidate's father and mother have served as educators, and the candidate's brothers and sisters are also engaged in the teaching profession. This family background reflects a deep-rooted commitment to education, the welfare of teachers, and the service of society. The pending criminal case is stated to have arisen from local disputes and is alleged to be politically or personally motivated. No conviction has been recorded in the matter to date. The candidate's professional qualifications, extensive experience, contributions to teachers' welfare, family background in education, integrity, and standing in society may be considered as part of the overall assessment, in accordance with the applicable rules and prescribed selection criteria. The candidate's selection is stated to have been based on merit, professional experience, and achievements in public service
3.	**Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)**	The selection process prioritized overall merit, educational achievements, leadership skills, and long-standing experience in addressing educators' issues. The candidate was found to be the most qualified and widely accepted person among the available individuals. The pending case is sub-judice and does not reflect moral turpitude; hence, other individuals without criminal antecedents were not found as suitable, experienced, and effective for the constituency as the selected candidate.

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : Election to the Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	**Name of constituency**	**Name of candidate**	**(A) Pending criminal cases**		**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	**Maximum Punishment Imposed**
1	**Tirhut Graduated Constituency**	**Abhishek Jha**	1. C.J.M., Patna, IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34, Charge framed 2. ACJM IV Patna, IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34, Pending	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.-106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

FORMAT C-1

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Sri Abhishek Jha**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

Name of Election : Election to Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency

***Name of Constituency : Tirhut Graduates Constituency**

I, **Sri Abhishek Jha** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl.No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case (s)	Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s)
1	1. C.J.M., Patna 2. ACJM IV Patna	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.-106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	1. Charge framed 2. Pending	1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34 2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.No.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & Punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	NA	NA	NA

सुभाषित *विद्वानों एवं बुद्धिमानोंसे परामर्श ही विजयका आधार होता हैं।* ❐ *पंचतन्त्र*

सुप्रीम कोर्टके निष्पक्ष फैसले

लोकतंत्रकी मजबूतीका वास्तविक प्रमाण केवल चुनावोंका नियमित आयोजन, संसदमें बहुमत अथवा राजनीतिक दलोंकी लोकप्रियता नहीं है, बल्कि संविधानके सामने सत्ता, विपक्ष और सामान्य नागरिककी स्थिति समान हो। जब आरक्षण और चुनावी निष्पक्षता जैसे प्रश्न विमर्शके केन्द्रमें आते हैं, तब सुप्रीम कोर्टकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

❐ ललित गर्ग

न्यायपालिका वह संवैधानिक संस्था है, जिससे नागरिक यह अपेक्षा करता है कि वह राजनीतिक आग्रहों, सामाजिक दबावों और सत्ताके प्रभावसे मुक्त रहकर न्यायका मार्ग प्रशस्त करेगी। आज आरक्षणकी पात्रता और धर्मान्तरणसे जुड़े विवादोंसे लेकर निर्वाचन प्रक्रिया तथा न्यायालयकी गरिमातक, अनेक प्रश्न इसी अपेक्षाकी कसौटी बनकर सामने हैं। इन प्रश्नोंपर विचार करते समय आवश्यक है कि हम न किसी राजनीतिक पक्षके प्रचारक बनें, न किसी धार्मिक समुदायके प्रति पूर्वाग्रह रखें, बल्कि संविधानकी भावना और न्यायके व्यापक उद्देश्यको केन्द्रमें रखें। अनुसूचित जातियोंके लिए आरक्षण भारतीय संविधानकी उन ऐतिहासिक व्यवस्थाओंमें है, जिनका उद्देश्य सदियोंसे चले आ रहे सामाजिक बहिष्कार, अस्पृश्यता और भेदभावके दुष्परिणामोंको दूर करना है। यह केवल रोजगार अथवा शिक्षामें कुछ अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करानेकी व्यवस्था नहीं, बल्कि उस सामाजिक अन्यायके विरुद्ध संवैधानिक हस्तक्षेप है, जिसने बड़ी आबादीको लम्बे समयतक समान अवसरोंसे वंचित रखा। इसलिए आरक्षण और धर्मान्तरणके संबंधमें होने वाली बहसको भावनाओं, धार्मिक आग्रहों अथवा राजनीतिक आरोपोंके बजाय संवैधानिक प्रावधानों और सामाजिक वास्तविकताओंके आधारपर समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों द्वारा धर्मान्तरण करनेपर उन्हें आरक्षणका लाभ नहीं मिलेगा। तमिलनाडु सरकार द्वारा इसे उच्च न्यायालयमें चुनौती देना और अपने राज्यमें इस प्रकारकी सुविधा जारी रखना कि इस्लाम या ईसाई धर्म अपनानेके बाद भी आरक्षणका लाभ मिलता रहे, वास्तवमें सनातन संस्कृतिके आरक्षित वर्गोंके हितोंको कमजोर करने वाला और धर्मान्तरणको परोक्ष रूपसे बढ़ावा देने वाला कदम था। यह विडंबना ही है कि एक तरफ कुछ संघटन यह दावा करते हैं कि उनके यहां जातिगत भेदभावका अस्तित्व नहीं है, वहीं दूसरी ओर वे एससी और ओबीसी वर्गके लोगोंको अपने पंथमें आनेके बाद भी आरक्षणका लाभ मिलनेकी पुरजोर वकालत करते हैं। इस प्रकारके दोहरे लाभ और प्रलोभनोंके कारण न केवल धर्मान्तरणकी प्रवृत्तिको बल मिलता है, बल्कि हिन्दू समाजको इसका भारी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि धर्मान्तरित लोग आरक्षणके साथ-साथ अल्पसंख्यक दर्जेके लाभोंका भी अनुचित दोहन करने लगते हैं। हालांकि विभिन्न राज्य सरकारें छल-कपटसे होने वाले धर्मान्तरणके विरुद्ध कड़े कानून बना रही हैं, फिर भी यह समस्या थमनेका नाम नहीं ले रही है, जिसका प्रमुख कारण धार्मिक स्वतंत्रताके नामपर हो रहा इसका दुरुपयोग है। अब समय आ गया है कि इस गम्भीर विषयपर केन्द्र सरकार और सर्वोच्च न्यायालय मिलकर ठोस और प्रभावी कदम उठायें, ताकि इस दुरुपयोगको रोका जा सके। इसी व्यापक संवैधानिक परिप्रेक्ष्यमें सर्वोच्च न्यायालयका चुनावी प्रक्रियासे जुड़े विवादोंपर हस्तक्षेप भी उल्लेखनीय है। १२ अक्तूबर २०२६ को राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओंने मतदाता सूचियोंके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सर्वोच्च न्यायालयकी ओर मार्च किया, इसपर सुप्रीम कोर्टका सख्त रवैया भी सराहनीय है। भले ही विपक्ष ने मतदाता सूचीमें कथित अनियमितताओं, मतदाताओंके नाम हटाये जाने और निर्वाचन प्रक्रियाकी पारदर्शितापर सवाल उठाये, इन आरोपोंकी सत्यताका निर्धारण न्यायिक परीक्षण और संबंधित अभिलेखोंके आधारपर होना चाहिए, लोकतंत्रमें चुनाव केवल सरकार चुननेका माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिकको अपनी राजनीतिक इच्छा व्यक्त करनेका संवैधानिक अवसर है। इसलिए मतदाता सूचीकी शुद्धता और विश्वसनीयता किसी एक दलका नहीं, पूरे लोकतंत्रका प्रश्न है, लेकिन सुप्रीम कोर्टतक मार्च करना एक गलत परम्पराका सूत्रपात है। १५ अक्तूबरको सर्वोच्च न्यायालयने विपक्षी नेताओंकी याचिकापर निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशीसे जवाब मांगा। इससे स्पष्ट होता है कि निर्वाचन आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाके निर्णय भी न्यायिक समीक्षाके दायरेमें आ सकते हैं। आयोगकी स्वतंत्रताका अर्थ यह नहीं कि उसके प्रत्येक निर्णयको प्रश्नोंसे परे मान लिया जाय। इसी प्रकार किसी निर्णयसे असहमति अपने आपमें यह प्रमाणित नहीं करती कि आयोगने अनुचित कार्य किया है। न्यायिक समीक्षाका उद्देश्य आरोपों और तथ्योंके बीच अंतर स्पष्ट करना, निर्णय प्रक्रियाकी वैधानिकता जांचना तथा नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करना है। इसी घटनाक्रममें सर्वोच्च न्यायालयने १२ अक्तूबरके मार्चको लेकर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य संबंधित नेताओंसे भी जवाब मांगा।



आज देशको ऐसी न्यायिक सक्रियताकी आवश्यकता है, जो अन्यायके सामने निर्भीक हो, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्रके प्रति सजग भी रहे, नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करे, लेकिन राजनीतिक आग्रहोंसे अप्रभावित रहे, जो सवैधानिक संस्थाओंकी गरिमा बनाये रखे, लेकिन उनकी जवाबदेहीको भी सुनिश्चित करे। न्याय वह विश्वास है, जो नागरिकको यह भरोसा देता है कि उसकी आवाज सुनी जायगी, उसके अधिकारोंका निष्पक्ष परीक्षण होगा और शक्तिशाली व्यक्ति या संस्था भी कानूनसे ऊपर नहीं होगी। सुप्रीम कोर्टकी शक्ति तभी सिद्ध होगी, जब उसका प्रत्येक निर्णय राजनीतिक शोरसे ऊपर विवेक और विधिक निष्पक्षताका उदाहरण बने।

न्यायालयकी चिन्ता यह थी कि राजनीतिक प्रदर्शनके माध्यमसे न्यायपालिकापर दबाव बनानेकी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस प्रसंगका मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि शांतिपूर्ण विरोध, राजनीतिक असहमति और न्यायालयकी गरिमा-तीनों लोकतंत्रके महत्वपूर्ण पक्ष हैं। विपक्षको सरकार और निर्वाचन आयोगसे प्रश्न पूछनेका अधिकार है, लेकिन न्यायिक संस्थाओंकी स्वतंत्रताका सम्मान करना भी उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। दूसरी ओर, न्यायालयकी गरिमाकी रक्षाके नामपर वैध आलोचना और शांतिपूर्ण असहमतिके अधिकारको सीमित नहीं किया जाना चाहिए। नोटिस जारी होना किसीको दोषी घोषित करना नहीं, बल्कि उसका पक्ष जाननेकी न्यायिक प्रक्रियाका हिस्सा है। यही वह बिन्दु है जहां न्यायिक सक्रियता और न्यायिक संयमके बीच संतुलनका प्रश्न सामने आता है। यदि न्यायपालिका सामाजिक अन्याय, प्रशासनिक मनमानी अथवा संवैधानिक अधिकारोंके उल्लंघनपर मौन रहे तो आम नागरिकका न्याय व्यवस्थासे विश्वास कमजोर हो सकता है। लेकिन यदि न्यायपालिका प्रत्येक राजनीतिक विवादमें स्वयंको निर्णायक नीति-निर्माताकी भूमिकामें रखे तो शक्तियोंके पृथक्करणका सिद्धांत प्रभावित हो सकता है। लोकतंत्रकी संस्थाएं एक-दूसरेकी प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक-दूसरेको संवैधानिक मर्यादाओंमें रखने वाली व्यवस्थाएं हैं। विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उन्हें लागू करती है और न्यायपालिका यह सुनिश्चित करती है कि कानून तथा उनका क्रियान्वयन संविधानकी सीमाओंके भीतर हों। इन तीनोंके बीच स्वस्थ संतुलन ही लोकतांत्रिक स्थिरताकी आधारशिला है। सर्वोच्च न्यायालयकी प्रतिष्ठा उसके आदेशोंकी कठोरतासे अधिक उसकी निष्पक्षता, स्वतंत्रता और तर्कपूर्ण निर्णयोंसे निर्मित होती है। आज देशको ऐसी न्यायिक सक्रियताकी आवश्यकता है, जो अन्यायके सामने निर्भीक हो, लेकिन अपने अधिकार क्षेत्रके प्रति सजग भी रहे, जो नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करे, लेकिन राजनीतिक आग्रहोंसे अप्रभावित रहे, जो संवैधानिक संस्थाओंकी गरिमा बनाये रखे, लेकिन उनकी जवाबदेहीको भी सुनिश्चित करे। न्याय वह विश्वास है, जो नागरिकको यह भरोसा देता है कि उसकी आवाज सुनी जायगी, उसके अधिकारोंका निष्पक्ष परीक्षण होगा और शक्तिशाली व्यक्ति या संस्था भी कानूनसे ऊपर नहीं होगी। सर्वोच्च न्यायालयकी वास्तविक शक्ति तभी सिद्ध होगी, जब उसका प्रत्येक निर्णय राजनीतिक शोरसे ऊपर उठकर संवैधानिक विवेक, सामाजिक संवेदनशीलता और विधिक निष्पक्षताका उदाहरण बने।

अस्थायी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने बहुत ही सोच समझकर विदेश मंत्री मार्को रूबियोकी भारत यात्रासे ठीक पहले रूस से तेल खरीदने वाले देशोंपर सौ प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगानेकी घोषणा को फिलहाल टाल दिया है। इससे भारतको अवश्य राहत मिली है लेकिन इसे अस्थायी राहत ही समझना ज्यादे उपयुक्त होगा। ट्रम्प की इस घोषणाको व्यापक सन्दर्भोंमें देखने और समझनेकी जरूरत है। इसमें सावधानी भी बरतनेकी आवश्यकता है। इस फैसलेका जितना आर्थिक महत्व है, उतना ही कूटनीतिक और रणनीतिक महत्व भी है। एक बात और महत्वपूर्ण है कि यह भारतको स्थायी रूपसे १०० प्रतिशत टैरिफ से मुक्त करने वाला फैसला नहीं है। ट्रम्पने सम्बन्धित कानूनके तहत शुल्क और प्रतिबंधोंको फिलहाल टाला है। अर्थात भविष्यमें परिस्थितियां बदलनेपर इन्हें पुन: लागू करनेका विकल्प अमेरिकी राष्ट्रपतिके पास बना हुआ है। इसे अस्थायी राहत माननेके पीछे कारण हैं। लिंडसे ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एण्ड ईरान ऐक्टके तहत रूस से बड़े पैमानेपर ऊर्जा खरीदने वाले देशोंपर १०० प्रतिशत तक टैरिफ लगानेका अधिकार अमेरिकी राष्ट्रपतिको मिला है। भारत और चीन इसके प्रमुख निशाने पर थे। ट्रम्पने इस प्रावधानको लागू करनेसे फिलहाल रोक लगा दी है। इसलिए इस कदमको स्थगन कहना अधिक उचित होगा, न कि स्थायी समाप्ति। भारतके लिए इसका सीधा अर्थ है कि सौ प्रतिशत टैरिफका खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। रूबियोकी भारत यात्रासे पहले ट्रम्पका फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रूबियो १७ से २२ अक्तूबर तक भारत यात्रामें मुम्बई और जामनगर उनके महत्वपूर्ण पड़ाव है तथा ऊर्जा सहयोग और भारत अमेरिकी सम्बन्धोंपर महत्वपूर्ण चर्चाएं भी होंगी। ऐसेमें टैरिफ खतरेको रोकनेसे बातचीतका वातावरण कुछ बेहतर बनेगा। भारत और अमेरिकाके बीच व्यापार समझौतेपर लम्बे समयसे बातचीत चल रही है। इसे गति देनेकी दिशामें ट्रम्पकी घोषणा काफी सहायक साबित हो सकती है। भारतको सौ प्रतिशत टैरिफ रोकनेसे लाभ अवश्य मिलेगा। फिलहाल बड़ा जोखिम टल गया है। ऊर्जा सुरक्षाके साथ ही रुपये और व्यापार दबावमें कमी भी आयेगी। भारतको पूरी तरह से निश्चिंत नहीं होना चाहिए क्योंकि टैरिफका खतरा अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। भारतको आगेके लिए प्रभावी रणनीति बनानी होगी। इस दृष्टिसे भारतको राहत, अवसर और सावधानी तीनोंपर ध्यान देना होगा। भारतकी कूटनीतिकी अगली परीक्षा भविष्यमें होगी।

प्रशासनिक विफलता

यह अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है कि शारदीय नौरात्रिकी अष्टमीकी पूर्व संध्यापर पश्चिम बंगालके एक सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालमें मची भगदड़में १९ श्रद्धालुओंकी जान चली गयी। कोलकाताके चोरबागान दुर्गा पूजा पंडालमें शनिवारको भगदड़ मचने से १९ लोगोंकी मौत हो गयी और २५ लोग घायल हो गये। इनमें एक की हालत गम्भीर बतायी जा रही है। मृतकोंमें चार पुरुष, १३ महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। घायलोंको एसएसकेएम अस्पताल रेफर किया गया है। इस हादसेके सन्दर्भमें पुलिसने आयोजक समेत १४ लोगोंको हिरासतमें लिया है। यह हादसा व्यवस्थामें चूक और जिला प्रशासनकी विफलताका परिणाम है। हादसेके दौरान पंडालमें अंधेरा था, बाहर निकलनेके रास्ते सकरे थे और बारिशके कारण भीड़ और भी बढ़ गयी थी। सप्तमीपर मां के दर्शनके लिए पहले से ही बड़ी संख्यामें श्रद्धालु पहुंचे थे। बारिशसे बचनेके लिए लोग पंडालके अन्दर जमा होने लगे। भीड़का दबाव बढ़नेसे बाहर निकलनेके दरवाजेका एक हिस्सा टूट गया और सुरक्षाकर्मी ने लोगोंसे पंडालसे बाहर निकलनेका अनाउंस कर दिया जिससे भगदड़ मच गयी। लोग एक दूसरेपर गिरते-पड़ते निकलने लगे जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ। खास बात यह है कि इस दर्दनाक हादसेके दो दिन पहले ही इस पंडालको पश्चिम बंगाल सरकारने 'देवी दुर्गा सम्मान २०२६' से सम्मानित किया था। इसे 'बेस्ट आफ बेस्ट' कैटेगरीमें चुना गया था। हादसेके बाद पूजा अनिश्चित कालके लिए रोक दी गयी। इस घटनापर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संतप्त परिजनोंके प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। प्रधान मंत्री ने मृतकोंके स्वजनको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५०-५० हजार रुपये देनेकी घोषणा की है। वहीं मुख्य मंत्री शुभेन्दु अधिकारीने बंगाल सरकार की ओर से जान गंवाने वाले प्रत्येक के स्वजन को २५-२५ लाख रुपये और परिवारके एक व्यक्तिको नौकरी देनेका ऐलान किया है। इस दौरान हादसेको लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है जो उचित नहीं है। हर मामलेको राजनीतिके चश्मेसे नहीं देखा जा सकता है।

लोक संवाद

रातमें धरतीपर आयेगी सूर्यकी रोशनी

महोदय,-कल्पना कीजिए कि रातके घने अंधेरेमें भी धरतीके किसी खास हिस्सेपर सूरजकी रोशनी पहुंचायी जा सके। अमेरिकी स्टार्टअप कंपनी रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल इसी विचारको हकीकतमें बदलनेकी तैयारी कर रही है। कंपनी अंतरिक्षमें विशाल दर्पणोंसे लैस उपग्रह स्थापित कर मांगके अनुसार धरतीपर रोशनी पहुंचाना चाहती है। इसके लिए उसने भारतकी निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेसके साथ समझौता किया है। समझौतेके तहत कंपनीके दो उपग्रह स्काईरूटके प्रक्षेपण यानोंके जरिये अंतरिक्षमें भेजे जायंगे। पहला उपग्रह विक्रम-१ रॉकेटसे और दूसरा निर्माणाधीन विक्रम-१ यू प्रक्षेपण यानसे भेजनेकी योजना है। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल ऐसे उपग्रहोंका समूह तैयार कर रही है, जिनके दर्पण सूर्यकी रोशनीको परावर्तित करके धरतीके चुने हुए हिस्सोंतक पहुंचा सकेंगे। कंपनीका लक्ष्य एक समयमें लगभग पांच किलोमीटर क्षेत्रमें जरूरतके मुताबिक रोशनी उपलब्ध कराना है। कंपनीके अनुसार इस रोशनीकी तीव्रता घटायी-बढ़ायी जा सकेगी और आवश्यकता नहीं होनेपर इसे बंद भी किया जा सकेगा। इस तकनीकका इस्तेमाल आपदा प्रभावित क्षेत्रोंमें रातके समय खोज और बचाव अभियान चलाने, दूरदराजके औद्योगिक इलाकोंमें कामकाज जारी रखने तथा महत्वपूर्ण स्थलोंको रोशन करनेके लिए किया जा सकता है। कंपनीका दावा है कि इससे सौर ऊर्जा संयंत्रोंमें बिजली उत्पादनकी अवधि बढ़ानेकी संभावनाएं भी खुल सकती हैं। हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेसके साथ हुए समझौतेके तहत दो अलग-अलग प्रक्षेपण यानोंका इस्तेमाल किया जायगा। विक्रम-१यू में पहले चरणके अतिरिक्त बूस्टर लगाये गये हैं और इसकी क्षमता पहलेसे बेहतर बतायी गयी है। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलने अपने बयानमें कहा कि अमेरिकामें पहलेसे तय अन्य प्रक्षेपण अभियानोंके साथ ये दोनों प्रक्षेपण उसे निर्धारित समयसीमामें काम करने और अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध करानेमें मदद करेंगे। स्काईरूटके मुख्य कार्यकारी अधिकारीने एक्सपर इस साझेदारीको लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि कंपनी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकीके अनूठे इस्तेमालसे धरतीपर नयी संभावनाएं खोलनेके प्रयासमें रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलका साथ देनेके लिए उत्साहित है। कंपनीको जुलाईमें अमेरिकी संघीय संचार आयोगसे एक प्रोटोटाइप उपग्रह बनाने, उसे अंतरिक्षमें भेजने और संचालित करनेकी मंजूरी मिली थी। कंपनीके सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बेन नोवाकके अनुसार अंतरिक्ष यानके संचालनके लिए भी लाइसेंस मिल चुका है। अंतरिक्षसे धरतीपर सूर्यकी रोशनी पहुंचानेका विचार नया नहीं है। वर्ष १९९३ में रूसी वैज्ञानिकों और इंजीनियरोंने अंतरिक्षकी कक्षामें लगभग ६५ फुट चौड़ा दर्पण स्थापित कर धरतीपर सूर्यकी रोशनीकी एक किरण पहुंचायी थी। जनामया नामका यह प्रयोग सफल रहा था, लेकिन धनकी कमीके कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटलकी योजनाको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। कई पर्यावरण संघटनोंने एफसीसीसे प्रोटोटाइप उपग्रहको दी गयी मंजूरी रद करनेकी मांग की है। पर्यावरणविदोंकी चिन्ता है कि रातके समय अंतरिक्षसे आने वाली कृत्रिम रोशनी वन्यजीवोंके प्राकृतिक व्यवहार और जीवनचक्रको प्रभावित कर सकती है। इससे खगोलीय अध्ययनोंमें बाधा आने और मनुष्योंकी प्राकृतिक जैविक घड़ीपर असर पड़नेकी आशंका भी जतायी गयी है। -**आर.पी. सिंह, वाया ईमेल।**

शक्ति प्रदान करतीं मां जगतजननी

शारदीय नवरात्रमें मां भगवतीकी उपासनाके साथ बेटियोंमें आत्मविश्वास, सजगता और संतुलित प्रगतिशील सोच विकसित करना जरूरी है। यह आदिशक्तिके प्रेरणादायी गुणोंसे जोड़नेका मौका भी है।

❐ डा. मोनिका शर्मा

शारदीय नवरात्रमें हर परिवार अपनी बेटीमें मानसिक मजबूती, वैचारिक चेतना, आत्मसम्मानका भाव और सही-गलतकी समझ पैदा करे। आधुनिकता और प्रगतिशीलताका अर्थ विवेकपूर्ण सोच तथा सामाजिक जिम्मेदारियोंके प्रति सजग रहना है। हमारे घरोंमें बेटियोंको शक्तिस्वरूपा मानकर पूजा जाता है। मां आदिशक्तिका ही रूप माना जाता है। देवीका मान दिया जाता है। ईश्वरीय आस्थाका यूं मानवीय धरातलपर जुड़ा होना सुखद है, परन्तु बेटियोंको मां शक्तिसे जुड़े प्रेरणादायी पहलुओंसे मिलवाना भी जरूरी है। मौजूदा दौरमें मातृशक्तिके पूजन-अर्चनकी सार्थकता यह भी है कि मांके पौराणिक चरित्रसे बेटियां प्रेरणा लें। छोटी उम्रसे घरकी लाड़लियोंमें मनको सशक्त और मस्तिष्कको सार्थक दिशा देनेकी समझ पोसना जरूरी है। यह कटु सच है कि बर्बर आपराधिक घटनाओंसे लेकर रिश्ते-नातोंके टूटनकी नकारात्मक योजनाओंतक बेटियोंकी भागीदारी भी दिखने लगी है। यह दिशाहीनता पूरे समाजको चकित करने वाली है। हर परिवारको चिंतित करती है। शिक्षित, ऊर्जावान युवतियां भी कहीं स्वयं दिशाहीन हो रही हैं तो कहीं दूसरोंके बहकावेमें आकर नकारात्मक मार्ग पकड़ रही हैं। मौसमी बदलावका यह समय बेटियोंकी अपनी चेतनाको जगाने का भी है। आस्था मनको साधनेका काम है तो क्यों न बेटियोंको समग्र संसारकी पालक मां भगवतीके गुणोंसे मिलवायें। शक्तिसम्पन्न होते हुए भी विनाश नहीं सृजनका मार्ग चुनने वाली माता आदिशक्तिसे जुड़ी हर बात मन, जीवन, परिवार या समग्र परिवेश आत्मशक्तिसे बलपर सब कुछ सहेजना ही सिखाती है। आदिशक्तिके हर रूपकी गाथा और गुण भावनात्मक धरातलपर सशक्त बननेका पाठ पढ़ाते हैं। आस्थाके भाव संग अंतर्मनकी शक्ति साधनेके उत्सवीय दिन हर बहकावेसे बचनेका संदेश देते हैं। आये दिन होने वाले वाकये बताते हैं कि बेटियोंको हर तरहके भ्रमजालसे बचनेकी सीख देना आवश्यक है। ऐसेमें किसी भी तरहके शोषणके जालमें न फंसनेकी सजगताका पाठ पूरा परिवार पढ़ाये। मनकी चेतना जगाने वाले इन दिनोंमें आदिशक्तिकी उपासना करनेके साथ ही अपनी बेटियोंसे संवाद भी करें। सामयिक घटनाओंपर बात हो। देशकी बेटियोंकी उपलब्धियोंकी चर्चा की जाये। सार्थक संवादके माध्यमसे बेटियोंको मां दुर्गाके उस रूपसे मिलवायें जो भारतीय स्त्रीके चेतनामय स्वरूपका प्रतीक है। जो असहाय नहीं, बल्कि मातृशक्तिके रूपमें पोषककी भूमिकामें पूजनीय है। स्वजनोंको यह समझना होगा कि भावनात्मक रूपसे मजबूत बनकर ही घरकी लाड़लियां मानमर्दन और शोषणके खेलको समय रहते पहचान सकती हैं। बुराइयोंका प्रतिकार कर सकती हैं। अपने विरुद्ध होने वाले हर अत्याचारको लेकर आवाज बुलंद करनेका बल जुटा सकती हैं। बचपनसे ही अन्याय और अनीतिका प्रतिकार करनेकी सजग सोच पाती हैं। हर तरहकी दिशाहीनतासे बचकर अपने सम्मान और स्वाभिमानकी रक्षक बननेके लिए मनकी मजबूती सबसे अहम है।

मां दुर्गाका हर रूप भारतीय स्त्रीके दमकते चेहरेका प्रतीक है। मातृशक्तिके रूपमें पोषक और चेतनामयी रूपमें सजगता और जागरूकताका प्रतिबिम्ब। शक्ति-सम्पन्न होनेके बावजूद बिखरने-उजाड़नेका भाव दूर-दूरतक नहीं। समग्र सृष्टिका विनाश करनेकी शक्ति रखने वाली भगवतीका एक पालकके रूपमें ममतामय स्वरूप ही हमारे मनमें बसा है। दुष्टोंके संहारके लिए कालीका रूप धरने वाली देवी दुर्गाने परिस्थितिके अनुसार भी कई रूप धरे हैं। जरूरी है कि बेटियां मां भगवतीसे प्रेरणा लेकर अपनी ऊर्जाको सही दिशामें लगाना सीखें। मौजूदा दौरमें प्रगतिशील होनेके नामपर स्वयं अपनी ही हानि करने वाली गतिविधियोंमें शामिल होनेका भी चलन है। इसीलिए जागरूक और सजग रहना आवश्यक है। आधुनिक होना मानवीय अनुभूतियोंसे दूर होना नहीं होता। याद रहे कि ज्ञान और विवेककी अधिष्ठात्री मां सरस्वती भी आदिशक्तिका ही एक रूप हैं। चेतना-सम्पन्न हो अपने दमपर जीनेका भाव ही प्रगतिशील होना है। हर बदलावमें बेहतरी ढूंढ़नेकी सोच ही आधुनिक होना है। बेटियोंको समझना होगा कि सबल व्यक्तित्वके लिए समझकी पक्की बुनियाद आवश्यक है। परिवर्तनके सकारात्मक पक्षोंको अपनाना जीवनमें संतुलन बनाये रखता है। ऐसी सधी सोचसे निडर होकर चुनौतियोंका सामना करनेकी शक्ति मिलती है। पूरा परिवेश ही जीवंत एवं चेतनामयी आभासे दमकता सा। मां भगवतीकी उपासनाके इन दिनोंमें बेटियोंको समझायें कि जीवनमें मौसम बदलते रहते हैं। नयापन भी आता है। पारिवारिक रिश्ते हों या व्यक्तिगत जीवन, इस नयेपनको पुराना आधार ही थामता है। संतुलित समझका यह मेल प्रगतिशील होना है।

शारदीय नवरात्र, मां दुर्गाकी आराधना और मौसमके नयेपनके उल्लासका उत्सव है। नव संवत्सरकी शुरुआत और मौसमी बदलावके इस पड़ावपर धरतीका हर हिस्सा चेतनामयी लगता है। शक्तिको साधनेका यह उत्सव हर किसीके मन जीवनको नयी ऊर्जा, नया उत्साह देता है। मांकी आराधना करते हुए हर परिवार अपनी बेटियोंके लिए वैचारिक चेतनाकी आशीष मांगे। लाड़लियोंका सजग व्यक्तित्व गढ़नेकी सोचे। उनकी सोच और समझके दायरेको विस्तार दे। जहां भी मौका मिले उनमें सार्थक और सकारात्मक पहल करनेका भाव भरें। घर-दफ्तरकी जिम्मेदारियोंको पूरा करनेके साथ ही अपने सामाजिक दायित्वोंके प्रति भी सजग रहना सिखायें। यह वैचारिक सजगता बेटियोंके व्यक्तित्वको पूर्णता देते हुए जीवनसे हर भयको दूर करने वाली तो है ही, नयी शक्तिका संचार करने वाली भी है। वैचारिक चेतनाके अभावमें व्यावहारिक धरातलपर बेटियां सशक्त नहीं बन सकतीं। तकनीकसे घिरे आजके जीवनमें बहुत-सी घटनाएं बताती हैं कि मनकी सजगताके अभावमें बेटियां भी सही फैसले लेनेमें चूक रही हैं। सम्बन्धोंके निर्वहनमें पीछे रह जाती हैं। आधुनिक होनेके भ्रममें अनगिनत उलझनोंमें उलझती जाती हैं। शक्तिस्वरूपा मांके पूजन-वंदनका यह अवसर वैचारिक शक्तिके संतुलनको साधनेका पर्व भी है। बेटियोंको न तो खुदको किसीसे कम आंकना है और न अहंकारके भावसे भर जाना है। जिन्दगीके हर मोर्चेपर सशक्त भागीदारी निभानेके लिए बेटियोंको वैचारिक मोर्चेपर भी सजग रहना ही होगा।

आत्मबोध

जीवनका आधार

❐ जग्गी वासुदेव

जीवनके बहुतसे पहलूमें जन्म, बचपन,जवानी और बुढ़ापा है। प्रेम, कोमलता, मिठास और कड़वाहट भी है। सफलताकी खुशी है, कुछ पानेका संतोष है, दर्द भी है और आनन्द भी। यदि आपने अपने मनको बोधके एक ठीक स्तरपर रखा है तो ये सब बातें आपकी समझमें आ सकती हैं। परन्तु जीवनको समझाने वाला जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है मृत्यु, वह किसी भी मनकी पकड़के बाहर है चाहे आप अपने आपको कितना ही बुद्धिमान, होशियार या बड़ा बुद्धिजीवी मानते हों। क्योंकि हम मरणशील हैं, मरने वाले हैं, इसीलिए जीवन उस तरहसे चल रहा है जैसे वह चल रहा है। यदि हम मरने वाले नहीं होते तो न कोई बचपन होता, न जवानी और न बुढ़ापा। तब हम ये सवाल भी न उठा पाते कि जन्म क्या होता है। मृत्यु जीवनका आधार है। यदि आप मृत्युको नहीं समझते तो अभी जीवनको नहीं जान सकेंगे, न ही उसे संभाल पायंगे क्योंकि जीवन और मृत्यु सांस लेने और छोड़नेकी तरह हैं। वे बिना अलग हुए साथ-साथ रहते हैं। आध्यात्मिक प्रक्रिया तभी शुरू होती है जब आप मृत्युका सामना करते हैं या तो खुदकी या फिर किसी ऐसे व्यक्तिकी जो आपको प्रिय है और जिसके बिना जीनेकी बात आप नहीं सोच सकते। जब मृत्यु आ रही हो या हो गयी हो, तब ही अधिकतर लोगोंके मनमें ये सवाल आता है, ये सब क्या है और इसके बाद क्या होगा। जबतक केवल जीवन ही सत्य लगता है तबतक आपको यह विश्वास नहीं होता कि ये बस ऐसे ही खत्म होने वाला है। जब मृत्यु पास आ जाती है, तभी मन ये सोचना शुरू करता है कि कुछ और भी है, जो इससे ज्यादा है। परन्तु मन चाहे कितना भी सोच ले, ये वास्तवमें जानता कुछ नहीं है क्योंकि मन सिर्फ उसी डेटाके आधारपर काम करता है जो वो पहलेसे इकट्ठा कर चुका है। मनका मृत्युके साथ कोई वास्ता नहीं पड़ा है तो वह मृत्युके बारेमें नहीं जानता, क्योंकि इसके पास उसके बारेमें कोई आधारभूत जानकारी नहीं है, सिर्फ कुछ गप्पबाजी है। आपने ऐसी गप्पें सुनी होंगी कि कैसे जब आप मर जायंगे तो आप जाकर भगवानकी गोदमें बैठेंगे। यदि ऐसा है तो आज ही मर जाना चाहिए। आपने स्वर्ग और नरकके बारेमें सुना होंगा। परन्तु कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये सोचनेमें समय बर्बाद मत कीजिए कि मृत्युके बाद क्या होता है, क्योंकि वह आपके मनकी सीमाके बाहर की बात है। जाननेका एक ही तरीका है और वह प्रज्ञाकी मददसे है, जैसा हम इसे भारतीय भाषाओंमें कहते हैं यानी कि जागरूकता।

बहुधर्मी भारतमें साझा संस्कृतिकी खूबसूरती

❐ विश्वनाथ सचदेव

पश्चिम बंगालकी राजधानी कोलकाताके मुस्लिमबहुल क्षेत्रका नाम है अलीमुद्दीन स्ट्रीट। मुस्लिमबहुल इलाकेमें सालोंसे दुर्गापूजा की तैयारियां इसी जोश-खरोशके साथ होती थीं। फिर मनमुटावकी कुछ घटनाएं हुईं और पूजाका यह क्रम टूट गया था। पांच साल पहले फिर शुरू हो गया और अब यह जोश साल-दर-साल बढ़ता ही दिख रहा है। विशेषता यह भी है कि तैयारियोंमें आगे बढ़कर हाथ बंटाने वालोंमें ज्यादातर युवा मुसलमान हैं। यहां पूजा पूरे विधि-विधानसे होती है और हिंदू-मुसलमान मिलकर करते हैं! साझा संस्कृतिका यह दृश्य कोलकाताके इसी मोहल्लेमें नहीं दिख रहा। आस-पासके इलाकोंमें न जाने कबसे यह परम्परा चली आ रही है। दुर्गापूजाके अवसरपर पूरे बंगालमें ऐसे दृश्य दिख जाते हैं। हल्दियामें मां दुर्गाकी प्रतिमा बनाने वालोंमें मुस्लिम कारीगर सबसे आगे हैं और यह काम पूरी श्रद्धाके साथ होता है। हिन्दू पड़ोसियोंके साथ मिल-जुलकर अल्पना सजाती मुस्लिम महिलाएं दिख जाना तो एक आम बात है। मुर्शिदाबादमें तो मां दुर्गाकी पूजाकी शुरुआत ही मुस्लिम परिवारके चढ़ावेसे होती है। अस्सी प्रतिशत और बीस प्रतिशतकी राजनीतिके माहौलमें, जहां पहने हुए कपड़ोंके आधारपर व्यक्तिको पहचाननेकी बातें की जाती हैं, वहां भाईचारेके इस तरहके दृश्य सुख देने वाले हैं। देशके अलग-अलग हिस्सोंमें इस तरहके दृश्य दिख जाना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। हां, कम जरूर दिखते हैं अब ऐसे दृश्य, परन्तु यह कम भी बड़ा आश्वासन देने वाला है। बहुधर्मी देश है हमारा। शायद ही दुनियाका कोई और देश होगा, जहां सभी धर्मोंको मानने वाले लोग सदियोंसे एक साथ रहते आये हों और इस साथ-साथका मतलब कोलकाताका मुस्लिमबहुल इलाका, अलीमुद्दीन स्ट्रीट, समझा रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि धार्मिक भाईचारेकी यह गंगा-जमुनी परम्परा अक्सर टूटती भी दिख जाती है। कष्ट होता है यह देखकर। सारे देशमें मनाया जाता है दुर्गापूजाका यह त्योहार। पूरे दस दिनतक गरबा कार्यक्रमोंकी धूम रहती है। कोलकाताकी अलीमुद्दीन स्ट्रीट जैसे दृश्य देशके दूसरे महानगर, मुंबईमें भी दिख जाते हैं। सभी धर्मोंके मानने वालोंका गरबामें हिस्सा लेना एक सामान्य बात थी। पचास साल पहले जब मैं मुंबई आया था तो पहली बार मैंने गरबाके एक शानदार कार्यक्रममें हिस्सा लिया था। आयोजन देखने वालोंमें मैंने मुसलमानोंको भी देखा था। किसीके आने-जानेपर प्रतिबंध नहीं था। परन्तु पिछले एक अर्सेमें इस परम्परामें भी बदलाव आया है। खुलेआम कहा जा रहा है कि गैर-हिन्दुओंको इसमें भाग नहीं लेना चाहिए। देशके एक वरिष्ठ राजनेताने तो स्पष्ट घोषणा कर दी है कि यदि संप्रदाय विशेषके लोगोंको गरबामें भाग लेना है तो उन्हें घर-वापसी करनी होगी। ऐसे सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रममें असामाजिक तत्वोंकी घुसपैठको रोकनेकी बात तो समझ आती है, परन्तु यह कहना कहांतक उचित है कि गैर-हिन्दू ही असामाजिक तत्व हैं और फिर इस बातका क्या तुक है कि घर-वापसी करने वाला असामाजिक तत्व नहीं रहेगा। आवश्यकता इस बीमार सोचको बदलनेकी है कि धर्मके आधारपर व्यक्तिकी नीयतको समझा जा सकता है। धर्मके आधारपर व्यक्तिको अच्छा-बुरा इंसान मानने-बनानेकी मानसिकताको बदलनेकी आवश्यकता है। बरसों पहले एक फिल्म देखी थी, जिसमें एक बच्चेको गाना सुनाकर यह बताया जा रहा था कि उसकी सही पहचान उसका इंसान होना ही है-तू हिंदू बनेगा, न मुसलमान बनेगा। इंसानकी औलाद है, इंसान बनेगा। यह इंसान होना ही व्यक्तिकी सच्ची और पहली पहचान है। कोई भी व्यक्ति हिन्दू या मुसलमान होनेसे पहले कुछ तो था। इस कुछको समझनेकी आवश्यकता है। यही कुछ व्यक्तिके इंसान होनेकी पहचान है। आज आवश्यकता इस पहचानको बनाये रखनेकी है-मंदिर-मस्जिद तो बादके हैं/हम उससे पहले भी तो थे/हम उससे पहले जो भी थे/उस सचको जिन्दा रखना है। आज इस 'सच' को समझनेकी आवश्यकता है-यह सच हमें बताता है कि हमारा हिन्दू या मुसलमान होना अथवा सिख या ईसाई होना, एक संयोग मात्र है। मेरा जन्म जिस परिवारमें हुआ, वह मेरे धर्मका आधार बन जाता है, परन्तु व्यक्तिके इंसान होने और इंसान बने रहनेकी कोशिश करनी पड़ती है। जब कोई मुसलमान पूरी निष्ठा और आस्थाके साथ मां दुर्गाकी मूर्ति बनाता है तो वह अपने इंसान होनेका प्रमाण दे रहा होता है और यही बात उस हिंदू मांपर भी लागू होती है, जो अपने बेटेको ताजियेके जुलूसमें ले जाकर उसकी बेहतरीकी दुआ करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघके सरसंघचालक मोहन भागवतने कुछ अर्सा पहले न्यूयॉर्कके एक सम्मेलनमें कहा था कि जो हिन्दू यह मानता है कि मुसलमानोंको भारतसे बाहर निकाल देना चाहिए, वह हिन्दू नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दू शब्दको एक विशेष भाषा, पूजा-पद्धति या जीवनशैलीतक सीमित नहीं किया जा सकता। इसमें इंसानोंकी तमाम विविधताएं शामिल हैं। इस विविधताका सम्मान होना चाहिए। यह विविधता इंसानकी ताकत है। मोहन भागवतकी किसी बातसे आप असहमत हो सकते हैं, परन्तु उनकी यह बात सोचनेके लिए बाध्य करने वाली है कि भारतमें जन्म लेने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है। इस हिन्दूको भारतीय कहकर हम अनावश्यक विवादोंसे बच सकते हैं। हमें इस बातपर गर्व करना चाहिए कि हमारा भारत बहुधर्मी है।

ठाकुरबाड़ी की देवी मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

मसौढ़ी (आससे)। शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर मसौढ़ी पूरा भक्तिमय हो गया है। माँ गौरी की पूजा-अर्चना के साथ माँ शक्ति और माँ काली के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सभी प्रमुख पंडालों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरा मसौढ़ी जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।मसौढ़ी मुख्यालय में इस बार कुल 16 भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं, जबकि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 55 जगहों पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। हर पंडाल की अपनी अलग विशेषता, थीम और इतिहास है।

अनुमंडल मुख्यालय के श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी के देवी मंदिर मे विराजमान दुर्गा माता जो बड़ी देवी के नाम से जाने जाती है श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है सभी श्रद्धालु बड़ी मां के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शहर का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित पंडालों में से एक थाना रोड स्थित श्री भारत माता पूजा समिति का पंडाल है। इस समिति की स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी। पिछले 47 वर्षों से यहाँ लगातार माँ दुर्गा की आराधना



हो रही है। इस समिति की खास बात यह है कि यहाँ हर साल कुछ नया और सामाजिक संदेश देने वाला पंडाल बनाया जाता है।

इसी तरह स्टेट बैंक के पास स्थित श्री काली पूजा समिति का इतिहास तो और भी पुराना है। यहाँ माँ काली की प्रतिमा की स्थापना वर्ष 1960 से हो रही है, यानी पिछले 65 वर्षों से यह परंपरा अनवरत चली आ रही है। मसौढ़ी में काली पूजा का यह सबसे प्राचीन स्थल माना जाता है।

अस्पताल रोड में बनने वाला पंडाल अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है, जिसे लोग फाइव स्टार पूजा पंडाल के नाम से जानते हैं। यहाँ पिछले 50 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। इस बार समिति ने गुजरात के प्रसिद्ध शिव मंदिर की थीम पर पंडाल बनाया है, जिसमें माँ दुर्गा घोड़े पर सवार रूप में दर्शन दे रही हैं।

वहीं संगत मोड़ के पास नदी में नाव पर बना आकर्षक पंडाल भी लोगों के बीच चर्चा का विषय है। यहाँ पिछले 30 वर्षों से लगातार पूजा हो रही है। पानी में नाव पर माँ की प्रतिमा और रंग-बिरंगी लाइटिंग लोगों को खूब भा रही है।

इसके अलावा कैलूचक में माँ काली का पंडाल, धनरूआ स्थित माँ दुर्गा का पंडाल, पुनपुन की बड़ी ठाकुरबाड़ी और डुमरी महारानी का पंडाल भी प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए 93 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। हर बड़े पंडाल में महिला पुलिस बल की भी विशेष तैनाती की गई है ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार 13.73 ग्राम हेरोइन बरामद

फतुहा आससे। फतुहा क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 30 डिबिया में रखी कुल 13.73 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया कि नदी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टेढ़ी पुल के पास एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 30 डिबिया में रखी 13.73 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान रतन कुमार (करीब 25 वर्ष), पिता उमेश राय, निवासी ग्राम आलमपुर, थाना नदी, के रूप में की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

नौबतपुर में बंद घर का ताला तोड़ नकदी जेवर समेत चार लाख की संपत्ति चोरी

नौबतपुर(आससे)। नौबतपुर थाना क्षेत्र के छोटी कोपा गांव में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए नकदी, आभूषण समेत करीब 4 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर के सभी कमरों और अलमारी का ताला तोड़कर 1.5 लाख रुपये नकद, करीब 2.5 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती साड़ियां, पीतल-कांसे के बर्तन और करीब ढाई क्विंटल अनाज चोरी कर लिया। घटना की जानकारी रविवार को उस समय हुई, जब गृहस्वामी उज्ज्वल पटना से अपने गांव पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 1.5 लाख रुपये नकद और सोने की चेन, कानबाली, मंगलसूत्र, अंगूठी समेत चांदी के 20 सिक्के गायब थे। इसके अलावा कीमती साड़ियां, पीतल और कांसे के बर्तन तथा करीब ढाई क्विंटल अनाज भी चोर ले गए। उज्ज्वल ने आशंका जताई कि चोर मकान के पीछे से छत पर चढ़े और सीढ़ी के रास्ते आंगन में उतरकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला बंद ही था। घटना को लेकर गृहस्वामी ने नौबतपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

एसआर पब्लिक स्कूल की बच्चियों ने भगवती के नौ रूपों की पेश की झांकी

बिक्रम (आससे)। प्रखंड के गोपालपुर स्थित एस आर पब्लिक स्कूल में नवरात्रि व दशहरा पर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने मां के नौ स्वरूपों की झांकी निकाली। नन्हे-मुन्ने छात्रों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक विनय कुमार प्राचार्या शिखा शर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मौके पर छात्र



छात्राओं ने भक्ति गीत तथा भारत के विभिन्न राज्यों में दशहरा और नवरात्रि को मनाने की परंपरा पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं छात्र-छात्राओं के विविध मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रदर्शन ने सभी से खूब वाहवाही लूटी। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से बच्चों को जोड़ना हमारी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। माँ दुर्गा के नौ रूप नारी शक्ति, साहस, ज्ञान, करुणा और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हैं। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और संस्कारों का विकास करते हैं। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और बेटियों को शक्ति एवं सम्मान का प्रतीक मानना चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों—शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप धारण कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या शिखा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ-साथ उनमें सांस्कृतिक मूल्यों, अनुशासन और सामूहिकता की भावना विकसित करते हैं।मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मी आदि मौजूद रहे।

शराब के लिए पैसे नहीं दी तो सड़क पर ही पत्नी को पीटा

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी के स्टेशन रोड पर रविवार को एक शराबी पति की शर्मनाक करतूत सामने आई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे पानी फल सिंघाड़ा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली एक गरीब महिला को उसके ही पति ने बीच बाजार में पीट दिया।बताया जाता है कि महिला रोज की तरह स्टेशन रोड पर सिंघाड़ा बेच रही थी। इसी दौरान उसका शराबी पति वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए उससे पैसे मांगने लगा। महिला ने जब पैसे देने से इनकार किया तो पति आगबूला हो गया। उसने सरेआम सड़क पर ही पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसके हाथ से बिक्री के पैसे छीनने लगा।

पति-पत्नी के बीच बीच सड़क पर गुत्थमगुत्था होते देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच काफी देर तक हाथापाई चलती रही, जिससे स्टेशन रोड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला, महिला से छीने गए पैसे वापस दिलाए और आरोपी पति को वहां से हटाकर भीड़ को तितर-बितर किया।



अमहरा बिहटा पानी टंकी पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के दर्शन को उमड़ी भीड़।

ट्रेन से कटकर अधेड़ महिला की मौत

बिहटा (आससे)। दानापुर रेल मण्डल के बिहटा रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोड़ के अप लाइन के समीप पटना गोमतीनगर बन्दे भारत एक्सप्रेस की चपेट मे आने के कारण एक ट्रैक पार कर रही अधेड़ महिला की कटने से मौत हो गई। घटना की सुचना के बाद जीआरपी ने घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान पटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के पोस्टल पार्क रोड नम्बर 03 निवासी अशोक दास के 50 वर्षीय पत्नी कमालती देवी के रूप मे की जा रही है। बताया जाता है की मृतक महिला बिहटा थाना क्षेत्र के जिनपुरा गाँव मे अपना बेटी से मिलने गई थी. जिसके बाद वह रविवार को अपने घर लौट रही थी। बिहटा रेल टिकट काउंटर पर टिकट कटवा कर स्टेशन प्रबंधक के द्वारा पेसेंजर को जागरूकता के आभाव के कारण महिला ऊपरी पथ पुल का प्रयोग नहीं करते हुए सीधे रेलवे ट्रैक को पार कर स्टेशन पर पहुंचने का प्रयास कर रही थी। जिसके दौरान ट्रैक पार करने के दौरान अचानक बन्दे भारत ट्रेन की चपेट मे आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रीना कुमारी ने बताई की बन्दे भारत ट्रेन की चपेट मे आने के कारण एक महिला की मौत हो गई है।शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन के द्वारा दिया गया लिखित शिकायत के आधार पर अग्रिम करवाई की जा रही है।

Format C-1
(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon' ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : **Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.**

Name of Political party : **Independent**

Name of Election : **Graduate Constituency Darbhanga-5**

* Name of Constituency : **Darbhanga-5**

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

फार्मेट सी–1

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0– 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता– डॉ0 रंजन कुमार

राजनैतिक दल का नाम– स्वतंत्र

निर्वाचन का नाम– बिहार विधान परिषद

निर्वाचन क्षेत्र का नाम– पटना शिक्षक

मैं **डॉ0 रंजन कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे मे निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ

क्र0 सं0	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामले के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं0 एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय के नाम एवं आदेश (शो) की तारीख	अपराध(अपराधो और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पटना।	गाँधी मैदान कांड सं0– 305/12 पटना, बिहार	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य
2	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पटना	कोतवाली थाना कांड सं0– 445/13	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य
3	रेलवे मस्जिट्रेट पटना जंक्शन	राजेन्द्र नगर थाना कांड सं0– 46/2014	117(a) 147, 145 एवं 146 एवं 156 रेवले एक्ट	शुन्य	शुन्य
4	अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पटना	सचिवालय थाना कांड सं0– 128/13	3 बिहार प्रिवेन्सन ऑफ रिपोजमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985	शुन्य	शुन्य

विसर्जन के लिए 24 घाट चिन्हित दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात

मसौढ़ी (आससे)। दुर्गापूजा के बाद मूर्ति विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। 21 अक्टूबर को होने वाले मूर्ति विसर्जन के लिए अनुमंडल क्षेत्र में 24 घाटों/तालाबों को चिन्हित किया गया है। मसौढ़ी प्रखंड में पितमास पुल के पास, नदौल तालाब, कराय घाट, देवरिया घाट, दुधिचक विसर्जन घाट के पास, मोरहर घाट, भगवानगंज। धनरूआ प्रखंड में दरधा नदी बारीबिगहा, कररूआ नदी, मधुवन नदी, दरधा नदी, छिलका नदी, पभेड़ा में, लवाइच नदी।धनरूआ-दलमई तालाब, कोल्हाचक दरधा नदी पुल के पास। पुनपुन प्रखंड में अकौना घाट पुनपुन नदी, पुनपुन नदी घाट पिंड दान स्थल, पकड़ी घाट पुनपुन, जाहिदपुर घाट पुनपुन, लक्ष्मण झूला के पास, जोलाबिगहा तालाब, कामेश्वर सिंह चौक, पकड़ी मोड़ और पुनपुन नदी ग्राम राजघाट नवादा। सभी 24 घाटों पर पंचायत सचिव, राजस्व अधिकारी, किसान सलाहकार और समन्वयक स्तर के अधिकारियों को दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। वरीय प्रभारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मसौढ़ी, धनरूआ और अंचलाधिकारी मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मसौढ़ी/नगर पंचायत पुनपुन को जिम्मेदारी दी गई है। सभी थानाध्यक्षों को अपने स्तर से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने आदेश में कहा है की सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी 21 अक्टूबर को ससमय विसर्जन घाटों पर उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करेंगे।

पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

मनेर। पूजा पंडालों में माँ दुर्गा का पट खुलते ही दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शेरपुर से लेकर मनेर तक करीब 80 से ज्यादा माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सबसे ज्यादा चहल-पहल मनेर के बस्ती रोड, सराय मोहल्ला, काजी मोहल्ला, बड़ी चौराहा, मनेर बाजार , गांधी हाट और गोरैया स्थान में देखने को मिल रही है। नगर परिषद के अध्यक्ष एवं श्री श्री बड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



विद्याधर विनोद ने बताया कि समिति की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। सड़कों की साफ - सफाई लगातार कराया जा रहा है। गौरैया स्थान रिमझिम क्लब के अध्यक्ष पिंटू कुमार ने बताया कि 40 लाख रुपए की लागत से कोलकाता का विक्टोरिया महल जैसी आकृति का भव्य पंडाल बनाया गया है, जिसे देखने के लिए मनेर के कोने-कोने से लोग पहुंच रहे हैं। वहीं मनेर काजी मोहल्ला में बाल मंडली की ओर से भूत बंगला बनाया गया है। यहां सप्तमी से ही डरावना भूतहा शो दिखाया जा रहा है। जिसे देखने पर लोगों का रूह कांप जा रहा है।

तालाब में डूबने से शिक्षक की मौत

बख्तियारपुर (आससे)। बख्तियारपुर अंचल के मोगलपुरा डीह में अहले सुबह शौचालय के लिए गए शिक्षक राजीव कुमार 41 वर्ष की फिसलने के चलते तालाब मे डुबने से मौत हो गयी, सूचना पर आपदा मित्रों सुमन कुमार, भूषण कुमार शर्मा एवं दिनेश सिंह ने तालाब से मृतक शिक्षक के शव को पानी से निकाला. पुलिस ने मृतक के शव को अंत्य परीक्षण के लिए बाढ़ भेज दिया है।

हंगामा कर रहे दो युवक गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में नशे की हालत में हल्ला-हंगामा कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रात्रि करीब 11ः10 बजे पुनपुन बाजार में होने के दौरान सूचना मिली कि ग्राम डुमरी में दो व्यक्ति नशे की हालत में हंगामा कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम रात 11ः30 बजे डुमरी पहुंची तो देखा कि दो व्यक्ति नशे में अनाप-शनाप बोलते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सौरभ कुमार, उम्र करीब और विनोद कुमार, दोनों ग्राम सम्मनचक, बताया। दोनों के मुंह से शराब जैसी दुर्गंध आ रही थी। पुलिस दोनों को केवड़ा ओपी लाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करवाई। दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : **Sarvesh Kumar, Vill – Shamho, Totha, PO – Shamho, District - Begusarai**

Name of political party : **Bhartiya Janta Party**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : **Biennial Election of Bihar Legislative Council**

*Name of Constituency : **05 – Darbhanga Graduate Constituency**

I .....**Sarvesh Kumar**... (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my Criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	श्रीमति सलेहा सबीहा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम, बेगूसराय	शाम्हो, थाना कांड सं0 - 32/15, 03-10-2015	विरचित किए गए 15-04-2026	धारा - 171-F, 188, या. द. वि. ,127A, R-P-Act
2	ए.सी.जे.एम-4, बेगूसराय	नयागाँव थानाकांड सं0 - 56/15, 10-10-2015	विरचित नहीं किए गए	धारा-171-H, 188, या. द. वि. ,127A, R-P-Act

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment imposed
		लागू नहीं	
		लागू नहीं	
		लागू नहीं	

***In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का भव्य स्वागत

फतुहा आससे। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी का पटना से मोकामा जाने के दौरान फतुहा में फोरलेन पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान फतुहा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह भाजपा नेता आनंद मधुकर यादव तथा किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने प्रदेश अध्यक्ष को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी के फतुहा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आनंद मधुकर यादव और प्रमोद प्रसाद ने अंगवस्त्र देकर उनका



अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अपनी निष्ठा एवं संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया।

संजय सरावगी के स्वागत को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं में उत्साह देखने को मिला। पटना से मोकामा जाने के क्रम में फतुहा फोरलेन पर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। फतुहा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह भाजपा नेता आनंद मधुकर यादव और किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया जाना स्थानीय स्तर पर भाजपा संगठन की सक्रियता को दर्शाता है। इस दौरान अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न इलाकों में इन दिनों मोबाइल छीनकर भागने वाले गिरोह सक्रिय हैं और लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना कादरगंज थाना क्षेत्र के लोदीपुर की है। बताया जाता है कि एक युवक राहगीर से मोबाइल छीनकर भाग रहा था। इसी दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार युवक की पहचान धीरज कुमार, पिता सुभाष यादव, निवासी पातनपुरी, काको, जहानाबाद के रूप में हुई है। उसके पास से छीना गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसको लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सघन गश्ती और सादी वर्दी में निगरानी की जा रही है। पकड़े गए युवक से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

सैटेलाइट टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन छीन रही सरकार

मसौढ़ी (आससे)। भाकपा माले अनुमंडल कार्यालय मसौढ़ी में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक हुई। जिसमें मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंड कमेटियों की संयुक्त बैठक आहूत की गई, अध्यक्षता किसान नेता कॉमरेड शशि यादव ने की और संचालन पटना जिला सचिव कॉमरेड कृपा नारायण ने किया।

बैठक का मुख्य विषय किसानों की गोलबंदी कर सदस्यता अभियान चलाना और सैटेलाइट टाउनशिप योजना में किसानों से छीनी जा रही जमीन पर चर्चा रहा। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि भाजपाई सरकार किसानों पर नई-नई नीतियां बनाकर दमन कर रही है।

मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन के किसानों की बैठक

बिहार में सैटेलाइट टाउनशिप योजना के रूप में हो रहा है। इसमें सरकार विकास के नाम पर किसानों से 100 प्रतिशत जमीन लेकर 55 प्रतिशत किसानों को वापस देगी और 45 प्रतिशत जमीन कॉर्पोरेट घरानों को देना चाहती है। अगर सरकार चाहे तो उन्नत कृषि यंत्र, सस्ते बीज-खाद और मुफ्त बिजली देकर किसानों को आत्मनिर्भर बना सकती है, लेकिन भाजपा की कॉर्पोरेट परस्त सरकार किसानों से जमीन छीनकर पूंजीपतियों को देना चाहती है ताकि कॉर्पोरेट देश में भूख का व्यापार कर सके और किसानों को सस्ता श्रमिक बना सके।

इसका उदाहरण देते हुए कहा गया कि भागलपुर के पीरपैंती में भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों को 1 रुपया प्रति एकड़ की दर से 1050 एकड़ जमीन दे दी, लेकिन किसानों को मुफ्त बिजली तक नहीं दे रही है। खाद-बीज में खुलेआम कालाबाजारी चल रही है और सरकारी कीमत पर भी खाद-बीज मिलना दुर्लभ हो गया है।बैठक में सर्वसम्मति से किसान जागरण यात्रा चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक में कॉमरेड कमलेश कुमार, निरंजन वर्मा, मुन्ना प्रसाद, ललन सिंह, बटेश्वर यादव, श्याम बाबू प्रसाद, राजाराम प्रसाद, चितरंजन पासवान, राजकिशोर यादव, सत्यदेव सिंह सहित कई किसान नेताओं ने अपने विचार रखे।

महाराष्ट्र मंडल में 'रंगीलो रास - डांडिया, गरबा एवं झिझिया उत्सव' का आयोजन

पटना (आससे)। पटना महाराष्ट्र मंडल में रंगीलों रास - डांडिया, गरबा एवं झिझिया उत्सव का भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री अनंत कुमार सिंह उर्फ छोटे सरकार रहे।

कार्यक्रम में नेक अधिकारी, विधायक गण, बिजनेसमैन, बिल्डर, समाजसेवी एवं मंत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिथिला की लोक-संस्कृति पर आधारित झिझिया नृत्य एवं गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति रही, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। यह पूर्णत: एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था।

कार्यक्रम की संयोजिका, *बिहार विजन फाउंडेशन की संस्थापिका



श्रीमती सोनी तिवारी* ने कहा कि बिहार की धरोहर झिझिया, जो मिथिला का सम्मान है, उसे हमने इस मंच पर प्रस्तुत किया है। इसका उद्देश्य है कि हम सभी अपने धर्म और संस्कृति से जुड़े रहें और नेक कार्य करते रहें।

वहीं कार्यक्रम के आयोजक, *फैशन ग्रुप के संस्थापक श्री शुभम कुमार एवं दस्तक बिहार के संस्थापक श्री राजकुमार ने बताया* कि इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 1500 से 2000 लोगों की सहभागिता रही और उन्होंने सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पटना के 100 से ज्यादा गरिमामयी लोगों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर समाजसेवी एवं व्हाइट टाइगर होम्स के संस्थापक श्री प्रियतेश आनंद जी भी मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पटना की गरिमामयी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा, जिनमें व्हाइट टाइगर होम्स, विवान बिल्डकॉन, एडुकेमी, जैन कॉलेज पटना, फूल माली संस्था, सुधा, मंडप मेमोरीज सहित अन्य संस्थाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

डा. अच्युत शंकर ने रचा नया कीर्तिमान : लगातार चौथे वर्ष विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल

पटना (आससे)। डॉ. अच्युत शंकर ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका और एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में लगातार चौथे वर्ष (2023, 2024, 2025 और 2026) स्थान प्राप्त हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इमेज प्रोसेसिंग, नेटवर्किंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए उन्हें लगातार चार वर्षों से विश्व के शीर्ष 2त्न वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। वर्ष 2026 की उपलब्धि विशेष रूप से ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। इस वर्ष डॉ. शंकर ने वैश्विक स्तर पर 23,864वीं रैंक और भारत में 365वीं रैंक प्राप्त करते हुए विश्व के शीर्ष 0.5त्न वैज्ञानिकों में अपना स्थान बनाया है। इससे पहले वर्ष 2025 में उन्होंने विश्व के शीर्ष 1त्न वैज्ञानिकों की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया था। यह उपलब्धि उनके निरंतर उत्कृष्ट शोध, वैज्ञानिक नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

डीएम ने मतदान सामग्री की तैयारी का लिया जायजा

पटना (आससे)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की तैयारियों को त्रुटिरहित बनाने के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने रविवार को मतपत्रों के विखंडन एवं मतदान सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रवार मतपत्रों के पृथक्करण और मतदान सामग्री के पैकेट तैयार करने की प्रक्रिया की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए निर्धारित संख्या के अनुसार ही मतपत्रों का विखंडन और पृथक्करण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरश: पालन करने और प्रत्येक स्तर पर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। रीक्षण के



दौरान जिलाधिकारी ने सामग्री कोषांग में तैयार किए जा रहे मतदान केंद्रवार पैकेटों की भी जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पैकेट में निर्धारित सूची के अनुसार सभी आवश्यक सामग्री अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। पैकेट तैयार करने से पहले सामग्री का सावधानीपूर्वक मिलान और सत्यापन किया जाए, ताकि मतदान के दिन किसी भी केंद्र पर जरूरी सामग्री की कमी नहीं हो। निर्वाचन तैयारियों के तहत जिला स्तर पर मतपत्रों का विखंडन कर नवादा और नालंदा जिलों के लिए निर्धारित मतपत्र उपलब्ध करा दिए गये।

समिट एसआईएफ ने लांच किया समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लांग-शॉर्ट फंड

पटना(आससे)। समिट एसआईएफ ने आज समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक इंटरवल इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी है, जो बाजार की स्थिति के हिसाब से इक्विटी, डेट, इक्विटी और डेट डेरिवेटिव्स, इनविट्स और कमोडिटी डेरिवेटिव्स में निवेश करती है। इसमें डेरिवेटिव्स के जरिए मंजूरी प्राप्त इंस्ट्रूमेंट्स में सीमित शॉर्ट पोजीशन लेने की गुंजाइश भी है। परंपरागत रूप से आर्बिट्राज स्ट्रैटेजी ज्यादातर कैश और फ्यूचर्स मार्केट की कीमतों के बीच के अंतर (स्प्रेड) से बनने वाले मौकों पर टिकी रही हैं।

आपकी जरूरतों के हिसाब से लगातार बेहतर बन रहा है एआई+ स्मार्टफोन

पटना- एआई+ स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों और उनके फोन इस्तेमाल करने के अनुभवों के आधार पर अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेस में लगातार सुधार कर रहा है। ग्राहकों के रिव्यू, रोजाना फोन इस्तेमाल करने के तरीके और आफ्टर-सेल्स सपोर्ट के दौरान मिली जानकारी के आधार पर कंपनी कैमरे की स्थिरता, कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट, बेहतर टेस्टिंग और कस्टमर सपोर्ट में सुधार कर रही है। कंपनी का उद्देश्य सिर्फ ग्राहकों के लिए प्रोडक्ट बनाना नहीं, बल्कि उनके सुझावों के साथ मिलकर बेहतर अनुभव प्रदान करना है। इस बारे में बोलते हुए, एआई+ स्मार्टफोन के ब्रांड, मार्केटिंग और ग्रोथ हेड आर्ची गोगोई ने कहा एआई+ स्मार्टफोन में हमारा मानना है कि बेहतर टेक्नोलॉजी बनाने की शुरुआत उन लोगों की बात सुनने से होती है, जो इसका इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों के सुझाव हमें समझने में मदद करते हैं कि हम क्या सही कर रहे हैं और कहाँ सुधार की जरूरत है।

आईसीआईसीआई लाइफ के मुनाफे में 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

पहली छमाही में 760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

मुंबई -वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी के व्यक्तिगत सुरक्षा बीमा कारोबार में सालाना आधार पर 47.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि पेंशन और नियमित आय देने वाली वार्षिकी योजनाओं के कारोबार में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप, व्यक्तिगत बीमा का कुल बीमित मूल्य सालाना आधार पर 34.9 प्रतिशत बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह ग्राहकों को मिलने वाले बीमा कवर में उल्लेखनीय विस्तार को दर्शाता है।कंपनी का नया कारोबार प्रीमियम पहली छमाही में सालाना आधार पर 25प्रतिशत बढ़कर 11,821 करोड़ रुपये हो गया। नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) 22.3 प्रतिशत बढ़कर 1,283 करोड़ रुपये रहा, जबकि वीएनबी मार्जिन 26 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस दौरान, कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 760 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा ग्राहकों को प्राथमिकता देना हमेशा से आईसीआईसीआई लाइफ के कामकाज का मूल सिद्धांत रहा है और आने वाले वर्षों में भी हमारी सभी गतिविधियों का मार्गदर्शन यही सोच करेगी। सुरक्षा बीमा और वार्षिकी योजनाएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति के केंद्र में हैं।

नवरत्न मंदिर में श्रद्धा-भक्ति के साथ हुई मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

पटना (आससे)। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित सचिवालय कॉलोनी के नवरत्न मंदिर में मां दुर्गा की पूजा पूरे धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ हुई। मंदिर और उसके आसपास की भव्य सजावट के बीच महासप्तमी को शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा का पट खोला गया। इसके साथ ही मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश की प्रतिमाओं के पट भी खोले गए। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। महासप्तमी की रात हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आरती में भाग लिया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसी तरह महाष्टमी के अवसर पर भी हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव



से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। रात में आयोजित आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। लगभग 50 वर्ष पूर्व बने इस मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की नई प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। उल्लेखनीय है कि इसी दिन अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा भी हुई थी। सचिवालय कॉलोनी के अलावा दूर-दराज के इलाकों से भी हर वर्ष हजारों श्रद्धालु नवरत्न मंदिर पहुंचते हैं और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं के बीच इस मंदिर के प्रति गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने और मां से मन्नत मांगने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

श्याम मेटालिक्स पेश कर रहा है 'शक्ति एक, रूप अनेक'

पटना (आससे)। इस दुर्गा पूजा पर श्याम मेटालिक्स अपने खास अभियान 'शक्ति एक, रूप अनेक' के जरिए कोलकाता को उत्सव के रंगों से सराबोर करने जा रहा है। यह आयोजन रचनात्मकता, संस्कृति और संवेदनशीलता का अनूठा संगम है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में शक्ति के अलग-अलग रूपों को सामने लाएगा।

कंपनी के मूल्यों शक्ति, सुरक्षा और संवेदना पर आधारित इस अभियान में खास सजावट और कलात्मक प्रस्तुतियों, उम्मीद जगाने वाली कहानियों और समाज से जुड़ी पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य शहर में दुर्गा पूजा के यादगार अनुभव तैयार करना है।

महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया धनबाद रेलखंड का निरीक्षण

पटना । पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने रविवार को धनबाद मंडल के प्रधानखांटा-सिंदरी मार्शलिंग यार्ड-सिंदरी टाउन-पाथरडीह-धनबाद रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल परिचालन, यात्री सुविधाओं, संरक्षा व्यवस्था और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने प्रधानखांटा-सिंदरी मार्शलिंग यार्ड के बीच चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सिंदरी मार्शलिंग यार्ड और पाथरडीह वैगन डिपो का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण का उद्देश्य रेल परिचालन को अधिक सुगम, सुरक्षित और बेहतर बनाने के साथ-साथ आधारभूत संरचना के विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करना था। इस दौरान रेल परिचालन की दक्षता बढ़ाने और संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित धनबाद मंडल एवं पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बिहार पात्रता परीक्षा कराने की मांग

पटना। बिहार सहायक प्राध्यापक अभ्यर्थी संघ ने राज्य में बिहार पात्रता परीक्षा (बीईटी) का आयोजन कराने और सहायक प्राध्यापक भर्ती में अधिकतम



आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित करने की मांग की है। इन मांगों को लेकर संघ की ओर से स्थानीय आईएमए हॉल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संघ के संयोजक अजीत कुमार महतो ने कहा कि बिहार में पिछले 24 वर्षों से पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है। इसके कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहायक प्राध्यापक बनने की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पात्रता परीक्षा नहीं होने से योग्य युवाओं के लिए अवसर सीमित हो रहे हैं। अजीत कुमार महतो ने मांग की कि सहायक प्राध्यापक भर्ती का विज्ञापन जारी होने से पहले बिहार पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए। साथ ही परीक्षा की विस्तृत अधिसूचना, समय-सीमा और आवेदन की अवधि जल्द घोषित की जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल कुछ अभ्यर्थियों का नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, अवसर और सम्मान से जुड़ा मुद्दा है।

अमेज़न बिज़नेस पर कॉर्पोरेट उपहारों पर 75 प्रतिशत तक की छूट

पटना। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत अमेज़न बिज़नेस पर कॉर्पोरेट उपहारों की खरीद पर विशेष छूट दी जा रही है। व्यवसायों को 10 हजार से अधिक उपहार विकल्पों पर 75 प्रतिशत तक की छूट और योग्य थोक खरीद पर 14 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट मिलेगी। इनमें उपहार पैक, हेडफोन, स्मार्टवॉच, बैग और रसोई उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा, चुनिंदा श्रेणियों में 9,999 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक भी उपलब्ध है।

आशीर्वाद की पहल 'जोत्रेर आंचल' से मातृत्व का उत्सव

पटना। इस दुर्गा पूजा पर आशीर्वाद की पहल 'जोत्रेर आंचल' के जरिए मां के आंचल को स्नेह, सुरक्षा और अपनेपन का प्रतीक बनाया गया है। कोलकाता के बागबाजार पंडाल में आगंतुक सामूहिक रूप से आंचल तैयार कर रहे हैं। अभिनेत्री संदिप्ता सेन ने भी इस पहल का अनुभव लिया। यहां वस्त्र कला और प्रोजेक्शन के माध्यम से मां दुर्गा की यात्रा दर्शाई गई है। यह पहल कई शहरों में आयोजित की गई है।

केबीसी में पहुंचे आयुष्मान खुराना और सारा अली खान

पटना। कौन बनेगा करोड़पति के 18वें सीजन में अभिनेता आयुष्मान खुराना और सारा अली खान अपनी आगामी फिल्म 'उड़ता तीर' के प्रचार के लिए पहुंचे। इस दौरान आयुष्मान ने अमिताभ बच्चन के लिए 'कभी कभी मेरे दिल में' गीत प्रस्तुत किया।

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	सी. जे. एम. सितामढ़ी, GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सितामढ़ी, केस सं. 77/17	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा, TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	Kumar Nidhi, न्या.द., सितामढ़ी, TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस।	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

पटना शिक्षक-स्नातक चुनाव : आचार संहिता के उल्लंघन पर रहेगी सख्त नजर

पटना (आससे)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने की कवायद तेज कर दी है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

वहीं, अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पूरे शहर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की विशेष नजर मतदाताओं को डराने-धमकाने, प्रलोभन देने और निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर है। मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से नकदी एवं अन्य सामग्रियों के वितरण के साथ अवैध अग्निशस्त्रों और प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन पर नियंत्रण के लिए जांच अभियान तेज किया गया है।

इसके अलावा धार्मिक, जातीय या अन्य आधार पर वैमनस्य फैलाने तथा चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उड़नदस्ता टीमें आचार संहिता लागू होने से लेकर मतदान समाप्ति तक सक्रिय रहेंगी, ताकि निर्वाचन की शुचिता बनी रहे और सभी प्रत्याशियों को समान अवसर मिल सके। सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने वाहन जांच अभियान को और सघन बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहर के सभी प्रवेश बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए संबंधित टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करेंगी।

थावे दुर्गा मंदिर में आठवें दिन मां महागौरी की हुई पूजा-अर्चना

थावे। ऐतिहासिक शक्तिपीठ थावे दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के आठवें दिन माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप माँ महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कतारबद्ध होकर माँ के दर्शन करते हुए पूजा-अर्चना की ।मान्यता है कि माँ महागौरी की पूजा करने से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और उन्हें सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। माँ महागौरी को श्वेत वस्त्र और श्वेत फूल अति प्रिय हैं ।इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में हाजिरी लगाई और अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना की। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ का दिव्य श्रृंगार, आरती, हवन और भोग अर्पित किया ।पूरे मंदिर परिसर में जय माता दी के जयघोष गूंजते रहे और भक्ति का माहौल बना रहा ।माँ की पूजा अर्चना करने के बाद बहुत से भक्त जंगल स्थित रहषु भक्त मंदिर में भी पूजा की ।नवरात्र को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर के चारों



तरफ बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी ।महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं,ताकि दर्शन सुचारू रूप से हो सके। प्रवेश और निकास द्वार के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए थे ।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के साथ-साथ स्काउट के बच्चे भी तैनात किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों के अलावे अन्य स्थानों पर भी की गई थी। पदाधिकारी और पुलिस जवान लगातार भीड़ को नियंत्रण में लगे हुए थे। माइक के माध्यम से श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील की जाती रही। देर शाम तक भक्तिभाव के साथ भक्त कतार में खड़े होकर माँ महागौरी की पूजा-अर्चना करते रहे और माँ से सुख-समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद माँगा ।इस दौरान बीडीओ प्रियांशी प्रिया,सीओ सुधीर कुमार ओंकारा,टीओपी प्रभारी धीरज कुमार, थानाध्यक्ष विभा कुमारी के साथ ही महिला और पुरुष बल भीड़ को नियंत्रण करने में लगे हुए थे ।जबकि स्काउट गाइड के बच्चे भी लाइन को नियंत्रित करने में लगे थे। वहीं दूसरी तरफ लछवार दुर्गामंदिर और पाखोपाली धाम सहित अन्य मंदिरो में काफ़ी संख्या में भक्त दुर्गा माँ की पूजा अर्चना की।

कोलकाता में भगदड़ की हृदयविदारक घटना पर नीतीश कुमार ने जताया शोक

पटना (आससे)। बीते दिन कोलकाता में दुर्गा पूजा के दौरान भगदड़ में लोगों के असामयिक निधन की हृदयविदारक घटना से जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अत्यंत मर्माहत हैं।

उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक हादसे में लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत पीड़ादयक है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके दुख को कल्पना मात्र से मन व्यथित हो उठता है। अपनों को खोने का यह असहनीय दुख ऐसा है, जिसकी भरपाई जीवन में कभी नहीं हो सकती।

उन्होंने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। दुख की इस असहनीय घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिनके जीवन में यह हादसा कभी न भरनेवाला शून्य छोड़ गया है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को चिरशांति प्रदान करे तथा अपने प्रियजनों को खोने के गहरे दुख से गुजर रहे परिवारां को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल दें।

ग्वालियर सड़क हादसे में श्रद्धालुओं के निधन पर नीतीश कुमार दुखी

पटना (आससे)। जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शतला माता मंदिर रोड पर हुए सड़क हादसे में श्रद्धालुओं के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने इस हृदयविदारक घटना पर अपनी गहरी शोक-संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुखद एवं मर्मातक है। यह हादसा हृदय को व्यथित करने वाला है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके दुख की इस असहनीय घड़ी में उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। अपनों को खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस कठिन समय में उन परिवारों की पीड़ा के प्रति मेरी हार्दिक सहानुभूति है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को चिरशांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल दें।

यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का दूसरा चरण शुरू

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का दूसरा चरण लागू हो गया है। इसे महाविद्यालयों में भी लागू किया गया है ।फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे चरण को अधिक कारगर और प्रभावी बनाने की योजना है।

इससे संबंधित निर्देश राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन, जो राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं, द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पहले चरण की समीक्षा बैठक में ही दिये जा चुके हैं। समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई थी। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का पहला चरण 27 सितंबर से शुरू हुआ था, जो 14 अक्तूबर को पूरा हुआ है। पहले चरण का फीडबैक सकारात्मक रहा। इस पर राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने प्रसन्नता जतायी। उनके निर्देश के मुताबिक दूसरे चरण में इसे और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा तथा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इसका आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा। पहले चरण में इस कार्यक्रम से शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), शोध, भारतीय ज्ञान परंपरा, सतत विकास लक्ष्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त हुई। इससे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के मार्गदर्शन से शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने, शिक्षण पद्धतियों में नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में आयोजित इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक क्षमता का विकास करना तथा उच्च शिक्षा में शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पहले चरण के संचालन में यूजीसी मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग केन्द्र, पटना विश्वविद्यालय एवं बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, पटना आईआईटी तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसका संयोजन राज्यपाल के सलाहकार प्रो. बिनोद कुमार त्रिपाठी ने किया।

सुप्रीम कोर्ट जायेंगे उर्दू-बांग्ला टीईटी अभ्यर्थी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। उर्दू-बांग्ला टीईटी अभ्यर्थी रिजल्ट के लिए सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। यह निर्णय रविवार को गांधी मैदान में उर्दू-बांग्ला टीईटी अभ्यर्थियों की बैठक में हुई। इसमें शामिल होने के लिए राज्य भर से उर्दू-बांग्ला टीईटी अभ्यर्थी शामिल हुए। बैठक में उर्दू- बांग्ला टीटीई संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती हसन रजा अमजदी ने कहा कि रिजल्ट के लिए दस वर्षों से उर्दू- बांग्ला टीटीई अभ्यर्थियों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

कई बार आश्वासन मिला कि इस पर शिक्षा विभाग द्वारा लीगल ओपिनियन लिया जा रहा है। बावजूद, तकरीबन 12 हजार उर्दू-बांग्ला टीईटी अभ्यर्थी रिजल्ट के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उर्दू शिक्षकों को स्कूल से बाहर नहीं किया जाता है, तो इस आदेश को हम अपना आधार मानते हुए सुप्रीम कोर्ट में केस फाइल करेंगे।

निवेश पर तीन गुना मुनाफे और कार-बाइक पर भारी छूट का झांसा, 25 से 30 लोग फंसे

फुलवारी शरीफ। बेउर थाना क्षेत्र में एनजीओ के नाम पर निवेश कराने और कार-बाइक दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है. पीड़ितों का आरोप है कि स्वराज राष्ट्रीय ह्यूमन फाउंडेशन के नाम से संचालित संस्था के जरिए लोगों को रकम लगाने पर कम समय में दो से तीन गुना तक रिटर्न देने का भरोसा दिलाया जाता था. वहीं, कार और बाइक खरीदने वालों को भी कीमत में भारी छूट और वाहन की किस्त संस्था की ओर से चुकाने का प्रलोभन दिया गया. पीड़ितों के मुताबिक इस तरीके से पटना समेत गया, जहानाबाद, मखदुमपुर, बिहटा, पालीगंज और आरा सहित कई इलाकों के 25 से 30 लोगों से दस करोड़ रुपये से अधिक की राशि लेने का आरोप है.मामले से आक्रोशित कई पीड़ित शनिवार को बेउर थाना क्षेत्र के 70 फीट स्थित संस्था के कार्यालय पहुंचे. वहां उन्होंने सुमित श्रीवास्तव को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. मामले में पूजा श्रीवास्तव और कौशल सिंह के भी नाम सामने आये हैं, जिनके फरार होने की बात बतायी जा रही है. पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पीड़ितों के अनुसार, करीब तीन वर्ष पहले स्वराज राष्ट्रीय ह्यूमन फाउंडेशन के नाम से संस्था का संचालन शुरू किया गया था. धीरे-धीरे बिहार के अलग-अलग जिलों में इसकी शाखाएं खोली गयीं. इन कार्यालयों के माध्यम से लोगों को संस्था से जोड़ने और निवेश कराने का काम किया जाता था. आरोप है कि लोगों को संस्था की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें कार्यालय तक लाने के लिए स्थानीय स्तर पर लोगों को लगाया गया था. प्रत्येक ग्राहक को संस्था से जोड़ने के बदले लाइनर को राशि दिये जाने की बात भी सामने आयी है.

लोगों को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग योजनाओं का प्रचार किया जाता था. नकद रकम जमा करने पर कम समय में तीन गुना तक राशि वापस करने का दावा किया जाता था. अधिक रकम निवेश करने वालों को ज्यादा लाभ का भरोसा देकर उनसे लाखों रुपये लिये जाने का आरोप है. शुरुआत में कुछ लोगों को भुगतान कर विश्वास कायम करने के बाद उनसे बड़ी रकम लगवाये जाने की भी शिकायत सामने आयी है.संस्था की ओर से हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने का भी दावा किया जाता था. पीड़ितों के अनुसार एक हेल्थ कार्ड के लिए 500 रुपये लिये जाते थे और कार्डधारक को पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया जाता था.

कोलकाता भगदड़ में 19 लोगों की मौत पर लालू, राबड़ी और तेजस्वी ने जताया शोक

पटना (आससे)। कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ की घटना में 19 लोगों की मौत पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। नेताओं ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राजद परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। राजद नेताओं ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना में लोगों की मौत की खबर से मन व्यथित है। उन्होंने अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। नेताओं ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद डॉ. मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष



मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डॉ. कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह, संजय यादव, डॉ. सुनील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, इसराइल मंसूरी, कुमार सर्वजीत, शिवचंद्र राम, रणविजय साहू, कारी मोहम्मद शोहैब, शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद और डॉ. उर्मिला ठाकुर सहित अन्य नेता शामिल हैं। राजद की ओर से जारी शोक संदेश में हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई।

नहीं रहे नवादा के पूर्व सांसद प्रेमचंद्र राम

पटना (आससे)। सीपीआईएम के नवादा के पूर्व सांसद प्रेमचंद राम ने रविवार को दिल्ली के एक अस्पताल में अंतिम सांसे ली। वे मूलत: नवादा जिले के सिरदला प्रखंड के भरसनडा गांव के निवासी थे। १९९१ से १९९६ तक नवादा के सांसद रहे मार्क्सवादी के टिकट पर निर्वाचित हुए थे। वे सांसद बनने के पहले समाहरणालय नवादा में लिपिक के पद पर कार्यरत थे। नौकरी से रिजाइन देकर लोकसभा का चुनाव लड़े और जीते थे।

सीपीएम के राज्य सचिव ललन चौधरी, केन्द्रीय कमेटी सदस्य अवधेश कुमार, अजय कुमार (विधायक), राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने दिवंगत राजनेता को श्रद्धांजलि दी है तथा उनके परिवार के प्रति शोक एकजुटता प्रकट की है।

दुर्गा-पूजा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम मजिस्ट्रेटों की निगरानी में पुलिस मुस्तैद

बरौली। बरौली प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बरौली और माधोपुर थाना पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। क्षेत्र के प्रमुख पूजा पंडालों,मंदिरों और मेला स्थलों पर पुलिस की सतर्क निगरानी रखी जा रही है। वहीं,करीब आधा दर्जन मजिस्ट्रेटों की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गई है ।माधोपुर थाना पुलिस नकटो माता मंदिर सहित कल्याण,सरैया नरेंद्र, बेलसड़ और नवतन बाजार क्षेत्र में विशेष चौकसी बरत रही है। वहीं, बरौली पुलिस नगर क्षेत्र से लेकर मोगल बिरैचा और सरफरा बाजार तक विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों एवं मेला स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों के चौकीदारों और दफादारों को पूजा पंडालों एवं मेला स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

दुर्गोत्सव परवान पर, मेले में...

किया हो।

रविवार को तड़के जब पूरब दिशा में क्षितिज पर रात की कालिमा के साथ तारों को समेटते हुए चंदा मामा विदा ले रहे थे और प्रत्यक्षदेव सूर्य सिंदूरिमा बिखेर उनकी जगह लेने को आ गये थे, तो उस अदभुत मनोहारी दृश्य को देख चिड़िया खुद को नहीं रोक पायीं। चंदा को फिर शाम तक के लिए विदा करने और अरुणिमा बिखेरते अरुण के स्वागत में चहचहाते हुए अपने घोंसलों से बाहर निकल आयीं। फिर, क्या था। शक्तिस्थलों एवं सार्वजनिक पूजा स्थलों से शंख एवं घण्टे की समवेत ध्वनि गूंजने शुरू हो गये। धूप, दीये एवं अगरबत्तियां जल उठीं। उसकी मह-मह से पूजा स्थल सुरभि बिखेरने लगे। और, पवित्रता का एहसास कराते ऐसे ही माहौल में शक्तिस्थलों एवं सार्वजनिक पूजा स्थलों पर महाष्टमी पूजन प्रारंभ हुआ। नवदुर्गा के आठवें रूप देवी महागौरी की साधना-उपासना, पूजा-अर्चना और वंदना-अभ्यर्थना हुई। उपासना की बांग्ला पद्धति के तहत कुमारी पूजन हुआ। इस दृश्य को देखने के लिए बंगाली अखाड़ा, श्रीरामकृष्ण मिशन आश्रम एवं कालीबाड़ी सहित बांग्ला पद्धति वाले तमाम पूजा स्थलों पर श्रद्धालु नर-नारियों की तन्मयता देखते ही बन रही थी।

श्रद्धालुओं ने देवी की उपासना में रविवार को महाष्टमी का व्रत रखा। सुहागनों द्वारा देवी को खोंइछा दिये गये। शक्तिस्थलों एवं देवी मंदिरों में भी रविवार को पौ फटने के साथ ही साधक-उपासक पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। बड़ी पटनदेवी, छोटी पटनदेवी, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर, दरभंगा हाउस काली मंदिर, गोलघर से सटे अखण्डवासिनी मंदिर, पटना सिटी प्राचीन काली मंदिर, पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर, सरपेंटाइन रोड पंचमंदिर, राजवंशीनगर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, बेली रोड पर पुनाईचक मोड़ स्थित देवी मंदिर एवं वहीं विकास भवन के सामने स्थित दुर्गा मंदिर तथा चितकोहरा ऊपरी पुल के पास हवाई अड्डा मोड़ स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना को श्रद्धालु नर-नारियों का तांता दिन ढलने तक लगा रहा। हार्डिंग रोड में जहां से अने मार्ग शुरू होता है, वहां दुर्गा मंदिर में पवित्र शक्तिकलश की स्थापना के साथ ही आचार्य रमाकांत पाठक के नेतृत्व में आचार्यों के मुख से मंत्रोच्चार निकल रहे हैं। वहां भी पूजा-अर्चना को श्रद्धालु देर रात तक पहुंचते रहे।

पटना सिटी के तख्त श्रीहरिमन्दिर में पहली पूजा के ही दिन से चल रहे चंडीपाठ के स्वर भी अब परवान पर हैं। शाम ढलने के बाद देवी की उपासना में गुजराती श्रद्धालुओं के घर गरबे की थाप भी चरमोत्कर्ष पर है। डांडिए की थाप से तो शाम ढलने के बाद से लेकर रात के दूसरे पहर की दस्तक तक राजधानी के अधिकांश हिस्से डांडियामय रहे।

हालांकि, इसके पहले शाम ढली और राजधानी लोकमेलेमय हो गयी। सगुना मोड़ से लेकर डाकबंगला चौराहा तक बेली रोड पर प्रकाश को मनोहारी छटा लोगों को अपनी ओर बरबस खींच रही है। सगुना मोड़ से लेकर गोला रोड मोड़ तक प्रकाश की रंगबिरंगी छटा में पूजा पंडालों की भव्यता को निहारते लोग इस कदर तन्मय हैं कि पूछिए मत। रुकनपुरा, जगदेव पथ मोड़ और खाजपुरा के पूजा पंडालों में दर्शन को लोग उमड़ पड़े हैं। आशियाना मोड़ से लेकर शेखपुरा मोड़ तक पैदल चलने की इजाजत है। आशियाना मोड़ से जे. डी. वीमेंस तक पूजा पंडालों की नगरी सी बसी हुई है। भीड़ ने पुनाईचक मोड़ और बोरिंग केनाल रोड मोड़ को भी मेलामय बना दिया है। कोतबाली से लेकर डाकबंगला चौराहा तक की तो छटा ही निराली है। कमोबेश ऐसा ही दृश्य मीठापुर से फुलवारीशरीफ तक, पटना-गया रोड तथा करबिगहिया से अगमकुआं तक कंकड़बाग रोड पर है। फ्रेजर रोड, बुद्धमार्ग, एक्जीबिशन रोड, बारी पथ, राजेंद्र पथ, नाला रोड, आर्यकुमार रोड, गोविंद मित्रा रोड, खजांची रोड, मखनिया कुआं एवं सब्जीबाग सहित राजधानी की सभी प्रमुख सड़कें भी प्रकाशमय हैं। चितकोहरा, गर्दनीबाग, यारपुर, करबिगहिया, चिरैयाटांड़, चांदमारी रोड, कंकड़बाग कॉलनी, अशोक नगर, हनुमान नगर, पत्रकार नगर, चित्रगुप्त नगर, बहादुरपुर, राजेंद्र नगर, भिखना पहाड़ी, बाकरगंज, भंवर पोखर, मंदिरी, दलदली रोड, छज्जूबाग, बुद्धा कॉलनी, पाटलिपुत्र कॉलनी, राजवंशी नगर एवं शास्त्रीनगर सहित राजधानी के तमाम मुहल्ले मेलामय हैं।

बहरहाल, सोमवार को महानवमी है। नवदुर्गा के नवें रूप देवी सिद्धिदात्री का दिन। देवी सिद्धिदात्री की साधना-उपासना, पूजा-अर्चना और वंदना-अभ्यर्थना होगी। हवन होगा। कुमारी पूजन होगा। और, शारदीय नवरात्र की पूर्णहुति होगी। पारंपरिक मान्यता के मुताबिक देवी का गमन मुर्गा पर होगा।

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर...

राउंड फायरिंग हुई है।

टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। गैंग से जुड़े बताए जाने वाले गैंगस्टर अनिल पंडित और हरमन संधु ने कथित तौर पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इससे पहले भी अनिल पंडित का नाम कई फायरिंग और हमलों से जुड़े दावों में सामने आए हैं। दिल्ली में गुरु रंधावा से जुड़े जिम पर हुई गोलीबारी के मामले में भी कथित तौर पर अनिल पंडित का नाम सामने आया था।

टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग मामले में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें टाइगर का ड्राइवर और एक रिक्शा चालक भी शामिल है। बताया जा रहा है कि घटना के समय एक्टर टाइगर का ड्राइवर उनके साथ ही था और हमले के दौरान वह घायल हो गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार श्रॉफ गेम खेलकर लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। गोलीबारी के पीछे का असली मकसद अभी साफ नहीं है और पुलिस हमलावरों की पहचान करने में लगी हुई है।

कोलकाता भगदड़ में सात...

किया है. वहीं, इस मामले में रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को हिरासत में लेकर स्थानीय अदालत में पेश किया, जिन्हें 10 दिनों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है. जिन लोगों को जेल भेजा गया है, उन्हें समिति के सचिव राजकुमार सेवदा, उपाध्यक्ष शांतनु दुबे, बिप्लब मुखर्जी, कौशिक साहा, पिंटू डे, सुमन चक्रवर्ती, राजेश पाल शामिल हैं.

इधर, घटना को लेकर गंभीर नजर आ रहे, राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि सरकार दुर्गा पूजा पंडालों में वीआईपी गेट को रखने की परंपरा को खत्म करने का आदेश दे सकती है. कई लोगों की जान चली गई. ऐसे में एंट्री गेट की जरूरत पर जोर देना जरूरी है. खासकर उन जगह पर जो काफी लोकप्रिय हैं और उनका बजट बड़ा है. इस तरह के पंडाल ही वीआईपी पंडाल को विशेष सुविधा देतै हं. इससे वह भीड़ से बच सके. इनके टिकट ज्यादा कीमत पर बेचे जाते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अधिकारी ने बताया है कि पश्चिम बंगाल के प्रमुख दुर्गा पूजा पंडालों की सिक्योरिटी रिव्यू के लिए बनाई हाई लेवल कमिटी ने कोलकाता में कई सामुदायिक पूजा स्थलों का निरीक्षण किया है. भगदड़ के बाद इस कमिटी का गठन राज्य के मुख्यमंत्री ने किया था. इस समिति में आपदा प्रबंधन के सचिव राजेश कुमार सिंह, अग्निशमन सेवा के महानिदेशक अनुज शर्मा और एसटीएफ के महानिदेशक जावेद शमीम शामिल हैं. भगदड़ में जान गंवाने वालों के शव परिजनों को सौंपे जा रहे हैं. इधर, दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपोलो अस्पताल में पंडाल में हुई भगदड़ में घायल लोगों से मुलाकात भी की.

मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 में 17 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी. सभी मृतक के परिवार जनों को 25 लाख और प्रत्येक परिवार को एक सरकारी नौकरी का ऐलान किया गया है. वहीं घायलों के लिए 5 लाख के मुआवजे का ऐलान किया गया है. मुख्यमंत्री ने साथ ही कहा है कि वह कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लेटर लिखकर फैक्ट फाइंडिंग कमिटी के गठन का अनुरोध करेंगे. कल देर शाम करीबन साढ़े सात बजे के आसपास कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल में अचानक से भगदड़ मच गई. पंडाल का एक हिस्सा टूटकर गिर गया था. बारिश के कारण भीड़ पंडाल की तरफ बढ़ रही थी, तभी यह हादसा हुआ. इधर, केंद्र की तरफ से भी मृतकों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है. इधर, टीएमसी ने आरोप लगाया है कि भीड़ खराब मैनेजमेंट और पुलिस की अपर्याप्त मौजदूगी के कारण बढ़ी, जिससे भगदड़ मचने के बाद ये हादसा हो गया.

एसबीआई फिर बना विश्व का...

स्टेट बैंक को ये पुरस्कार थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में इंटनरनेशनल मॉनेटरी फंड की सालाना मीटिंग से इतर आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक में जारी बदलावों, खासकर डिजिटल सेक्टर में की जा रही कोशिशों का उद्देश्य बड़े पैमाने पर लोगों को भरोसेमंद डिजिटल सर्विस उपलब्ध कराना है।

सीएस. शेट्टी ने कहा कि डिजिटल क्षमताओं में सुधार होने से बैंक ज्यादा लोगों तक पहुंचने और उन्हें तेजी से सेवाएं देने में सक्षम हुआ है। चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के कर्मचारी ये सुनिश्चित करते हैं कि बैंकिंग सर्विस व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप आसान और भरोसेमंद बनी रहें। इस दौरान बैंक ने नया योनो प्लेटफॉर्म शुरू किया। एसबीआई चेयरमैन ने बताया कि एसबीआई के योनो मोबाइल ऐप पर रजिस्टर्ड यूजर्स की संख्या 10 करोड़ के पार पहुंच गई है। इसके अलावा, बैंक ने एआई आधारित कस्टमर सर्विस और व्यक्तिगत जरूरतों के हिसाब से डिजिटल सुविधाएं भी शुरू कीं। एसबीआई ने देशभर में 300 से ज्यादा नई ब्रांच खोलकर अपनी पहुंच का भी विस्तार किया है।

बताते चलें कि भारतीय स्टेट बैंक नवंबर में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी करेगा। एसबीआई ने पहली तिमाही में अपने स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 10त्न की बढ़ोतरी दर्ज की थी, जो 21,121 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एसबीआई का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 19,160 करोड़ रुपये था।

तीन करोड़ की चरस के...

मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय इकाई और एस टी एफ बिहार पुलिस ने 17 और 18 अक्टूबर को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त रूप से अधिकारियों को नेपाल से भारत में चरस की तस्करी करने वाले एक गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी ।इसके बाद टीम ने भारत-नेपाल सीमा से सटे दुर्गम इलाकों में लगातार दो दिनों तक निगरानी की. इस दौरान गिरोह के सदस्यों, उनके ठिकानों और तस्करी के तरीके का पता लगाने की कोशिश की गई।

जांच में सामने आया कि तस्करी में शामिल लोग सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए कोई योजना बना रहे है.दोनों टीमों की संयुक्त जांच में पता चला की तस्कर सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए चरस की खेप को कई ट्रेनों के जरिए ले जाने और उसकी आवाजाही में जानबूझकर देरी करने की योजना बना रहे थे। खेप को रविवार सुबह आगे भेजा जाना था। 18 अक्टूबर की सुबह संयुक्त टीम को सूचना मिली कि बापूधाम मोतिहारी से

नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर मेमू ट्रेन में एक संदिग्ध व्यक्ति चरस की खेप लेकर यात्रा कर रहा है. सूचना के आधार पर टीम ने मुजफ्फरपुर जंक्शन पर संदिग्ध को रोककर कार्रवाई की. पूछताछ में उसने कथित तौर पर बताया कि चरस नेपाल से लाई गई थी और इसे उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद पहुंचाया जाना था। पहली गिरफ्तारी के बाद मिली जानकारी के आधार पर संयुक्त टीम ने कथित आपूर्तिकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया. इस तरह मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या दो हो गई. जब्त चरस और गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है. फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है. जांच एजेंसियां तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, चरस की आपूर्ति के स्रोत और उसकी प्रस्तावित वितरण व्यवस्था का पता लगाने में जूटी है।

टाटा ट्रस्ट देश भर में खोलेगा...

समाज के काम आएं। नोएल टाटा ने अपने संदेश में कहा कि अब यह पूछना काफी नहीं है कि ट्रस्ट ने कितना पैसा खर्च किया या कितना योगदान दिया। उन्होंने कहा,टाटा ट्रस्ट ने 2026 से 2031 के लिए पांच साल की स्वास्थ्य योजना तैयार की है। इसके तहत करीब 75 ब्लॉक में 25 लाख लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और 100 से अधिक सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। नोएल टाटा ने कहा कि संस्था उन परिवारों की मदद जारी रखेगी, जो गंभीर बीमारी के कारण आर्थिक संकट का सामना करते हैं। इसके साथ ही कैंसर के इलाज की सुविधाओं को लोगों के घरों के करीब पहुंचाने के लिए विकेंद्रीकृत कैंसर देखभाल व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा।

टाटा ट्रस्ट की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में उसके कैंसर देखभाल कार्यक्रमों के तहत 1,06,626 मरीजों ने ओपीडी में परामर्श लिया। इस दौरान मरीजों के इलाज के लिए कीमोथेरेपी के 24,874 चक्र पूरे किए गए और 2,879 सर्जरी की गई। संस्था का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज को मरीजों के लिए अधिक सुलभ बनाना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए अपने घर से बहुत दूर न जाना पड़े और जरूरतमंद परिवारों को सहायता मिल सके।

नोएल टाटा ने कहा कि भारत के कई प्रतिभाशाली युवा ऐसे अवसरों की तलाश में विदेश चले जाते हैं, जो उन्हें अपने देश में नहीं मिल पाते। उनके मुताबिक, भारत को ऐसे और संस्थानों की जरूरत है, जो युवाओं की प्रतिभा को निखारें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि टाटा ट्रस्ट राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को विकसित करने में पहले भी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। जरूरत पड़ने पर दूसरे परोपकारी संगठनों और समान सोच रखने वाली संस्थाओं के साथ साझेदारी भी की जा सकती है। नोएल टाटा ने संस्थान बनाने की परंपरा का जिक्र करते हुए भारतीय विज्ञान संस्थान, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च और टाटा मेमोरियल अस्पताल का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों का निर्माण इस सोच को दिखाता है कि समाज के लिए ऐसे संस्थान खड़े किए जाएं, जो लंबे समय तक लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकें। टाटा ट्रस्ट भविष्य में भी इसी तरह के संस्थानों को बढ़ावा देने और देश में प्रतिभाशाली लोगों के लिए बेहतर अवसर तैयार करने पर ध्यान देगा।

मनेर में पैक्स अध्यक्ष ...

कुमार उर्फ भालू की मौत हो गई। वहीं ब्यापुर निवासी प्रखंड प्रमुख रिंकी देवी के पति पिंटू पॉइजन गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी के बाद अपराधी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए।

पटना के सिटी एसपी वेस्ट संकेत कुमार ने बताया कि मनेर के ब्यापुर में दो लोगों को गोली लगी है। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। प्रारंभिक सूचना मिली है कि पूर्व की दुश्मनी में यह घटना की गई है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि व्यापुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में गोलीबारी हुई है। जिसमें पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ भोलू तथा प्रखंड प्रमुख पति पिंटू पॉइजन गम्भीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए दानापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार की मौत हो गई। मृतक संजीत व्यापुर के बिचली गली का रहने वाला था।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

पैरा एशियन गेम्स का शानदार आगाज

आइची-नागोया में आयोजित समारोह में सिमरन और प्रमोद ने लहराया तिरंगा

आइची नागोया (एजेंसी)। जापान के राजा नारुहितो ने रविवार को पांचवें पैरा एशियन गेम्स 2026 का आधिकारिक उद्घाटन किया। जापान के आइची-नागोया में आयोजित इस महाद्वीपीय खेल आयोजन के साथ ही पदकों के लिए मुकाबलों का औपचारिक आगाज हो गया। प्रतियोगिता 18 से 24 अक्तूबर तक चलेगी। इस बार एशिया के सभी 45 देश इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जो पैरा एशियन गेम्स के इतिहास में पहली बार हो रहा है। उद्घाटन समारोह नागोया के पालोमा मिजुहो स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय दल ने भी शानदार अंदाज में प्रवेश किया। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत और धाविका सिमरन शर्मा भारतीय दल के ध्वजवाहक बने और तिरंगा लेकर टीम इंडिया की अगुवाई की।

उद्घाटन समारोह में भारतीय खिलाड़ियों का प्रवेश खास आकर्षण रहा। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने सोशल मीडिया पर भारतीय दल के मार्च का वीडियो साझा किया। कमेटी ने प्रमोद भगत और सिमरन शर्मा को ध्वजवाहक बनाए जाने को देश के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रमोद भगत भारत के प्रमुख पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जबकि सिमरन शर्मा ने स्प्रिंट स्पर्धाओं में अपनी पहचान बनाई है। दोनों खिलाड़ियों ने भारतीय तिरंगे के साथ दल की अगुवाई करते हुए देश की खेल भावना और पदक जीतने के इरादे को प्रदर्शित किया।

भारतीय दल के ध्वजवाहकों के नाम में उद्घाटन समारोह से पहले बदलाव किया गया। शुरुआत में प्रमोद भगत के साथ पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि, बाद में उनकी जगह सिमरन शर्मा को ध्वजवाहक बनाया गया।



भारत लगायेगा पदकों का शतक

आइची नागोया (एजेंसी)। जापान में रविवार से पांचवें एशियन पैरा गेम्स 2026 का आगाज हो गया है। भारत ने इस बार प्रतियोगिता में करीब 100 पदक जीतने का लक्ष्य रखा है। भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच सत्यनारायण ने खिलाड़ियों की तैयारियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय एथलीट पदक जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्हें उम्मीद है कि एथलेटिक्स में भारत अपने अभियान की शानदार शुरुआत करेगा। आइची-नागोया 2026 एशियन पैरा गेम्स 18 से 24 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे हैं। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 168 खिलाड़ियों का दल उतारा है,

मटाटा ने कोर्स रिकॉर्ड के साथ जीता पुरुषों का खिताब

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केन्या के चार्ल्स मटाटा ने रविवार को दिल्ली हाफ मैराथन में रविवार को नया कोर्स रिकॉर्ड बनाते हुए पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया। वहीं, इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु ने महिला एलीट वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकेंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्क वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकेंड के रिकॉर्ड को एक सेकेंड से पीछे छोड़ दिया इस उपलब्धि के लिए उन्हें विजेता की 27,000 डॉलर (करीब 25.64 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि के अलावा रिकॉर्ड तोड़ने पर 12,000 डॉलर (करीब 11.40 लाख रुपये) अतिरिक्त मिलेंगे। दिलचस्प बात यह है कि मटाटा के जुड़वां भाई एलेक्स मटाटा ने वर्ष 2025 में 59 मिनट 50 सेकंड के समय के साथ यह खिताब जीता था। पुरुष एलीट वर्ग में केन्या के धावकों का दबदबा रहा। सैमवेल न्यामाई मेलू ने 59 मिनट 24 सेकेंड के समय के साथ दूसरा, जबकि स्टेनली वाइथाका म्बुरू ने 59 मिनट 33 सेकेंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
सुविचार


सपने देखने से ज्यादा जरूरी है उन्हें पूरा करने के लिए हर दिन कदम उठाना।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

रणजी ट्रॉफी : पहले दिन बिहार के बिपिन का चला बल्ला

पटना। रणजी ट्रॉफी एलीट के मुकाबले में बिहार और बड़ौदा के बीच वडोदरा के रिलायंस क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के पहले दिन बिहार की पहली पारी 166 रनों पर सिमट। दिन का खेल समाप्त होने तक बड़ौदा ने अपनी पहली पारी में 28 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 77 रन बना लिए थे। बड़ौदा की टीम अभी बिहार से 89 रन पीछे है और उसके 7 विकेट शेष हैं। पहले दिन बिहार की टीम ने 53 ओवर में 166 रन बनाया। बल्लेबाजी में बिपिन सौरभ ने 58 रन तथा आदित्या राज 26, मंगल ने 19 और आयुष ने 18 रन बनाया। बड़ोदा की गेन्दबाजी में राज लम्बानी को 4 विकेट तथा महेश और भार्गव को 2-2 विकेट मिला। बड़ोदा की पहली पारी में दिन का खेला सम्पत होने तक 28 ओवर में 3 विकेट पर 77 रन है। बल्लेबाजी में शाश्वत रावत 38 और प्रियांशु मोलिया ने नाबाद 32 रन बनाया। बिहार की गेन्दबाजी में अमोद यादव को 2 विकेट और हिमांशु सिंह को 1 विकेट मिला।



रणजी ट्रॉफी में गिल की वापसी फीकी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के पहले दिन रविवार को भारतीय क्रिकेट के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब के कप्तान उदय सहारन ने नाबाद शतक जड़कर टीम को संभाला, जबकि शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी महज पांच गेंदों तक सीमित रही। उत्तर प्रदेश के लिए रिंकू सिंह और दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने भी शतकीय पारियां खेलीं। वहीं, प्रियांश आर्या अपने पहले प्रथम श्रेणी दोहरे शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए। न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में एलीट ग्रुप-बी के मुकाबले में पंजाब ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 269 रन बना लिए। टीम के कप्तान उदय सहारन 106 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके लगाए। भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल इस सीजन में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेलने उतरे थे। न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होने से पहले खेले गए इस मुकाबले में वह नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। छत्तीसगढ़ के अजाय मंडल ने उन्हें चकमा देते हुए गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकालकर स्टंप बिखेर दिए। पंजाब ने शुरुआती विकेट गंवाने के बाद सहारन और प्रभसिमरन सिंह के बीच चौथे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी के दम पर वापसी की। प्रभसिमरन ने 133 गेंदों पर 62 रन बनाए। उन्हें धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद सहारन ने जिम्मेदारी संभाली और 168 गेंदों में अपना तीसरा प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। विकेटकीपर बल्लेबाज सलिल अरोड़ा 75 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने अंतिम सत्र में बिना कोई और विकेट गंवाए पंजाब के स्कोर में 71 रन जोड़े। सहारन ने 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी, जहां टीम उपविजेता रही थी। छत्तीसगढ़ के बाएं हाथ के स्पिनरों जडेजा और मंडल के खिलाफ उन्होंने स्वीप और स्लॉग स्वीप शॉट्स का अच्छा इस्तेमाल किया।



शेफाली-मंधाना के तूफान में उड़ा जिम्बाब्वे

दूसरे मैच में भारत नौ विकेट से जीता, बनायी अजय बढ़त

रायपुर (एजेंसी)। शेफाली वर्मा की तूफानी बल्लेबाजी और स्मृति मंधाना की शानदार पारी के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी20 मुकाबले में नौ विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए इस मैच में भारत ने 103 रनों के लक्ष्य को महज 8.5 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में 55 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कप्तान स्मृति मंधाना 47 रन बनाकर नाबाद लौटीं। दोनों ने पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। इस सीरीज जीत के साथ स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत भी जीत के साथ की। 103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।शेफाली ने महज 25 गेंदों में 55 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान चौकों और छक्कों की बरसात की। ऑफ स्पिनर बिलब्ड बिजा की गेंद पर छक्का लगाकर शेफाली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का 22वां अर्धशतक रहा। भारतीय ओपनर ने मिशेल मावुंगा के एक ओवर में लगातार तीन गेंदों पर 4, 4 और 6 रन बटोरकर अपने इरादे साफ कर दिए। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के सामने जिम्बाब्वे की गेंदबाज बेबस नजर आईं। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने भी शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने नाबाद 47 रन बनाए और शेफाली के साथ मिलकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। मंधाना ने तेज गेंदबाज न्याशा ग्वांजुरा के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर अपनी लय का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने ओलिंडर चारे की गेंद पर शानदार इनसाइड-आउट छक्का लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 103 रनों का लक्ष्य सिर्फ 8.5 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। शेफाली और मंधाना की साझेदारी ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। निर्धारित 20 ओवर में टीम आठ विकेट खोकर सिर्फ 102 रन बना सकी। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने जिम्बाब्वे को शुरुआती झटका दिया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज केलिस न्दलोवु को 11 गेंदों में बिना खाता खोले बोल्ड कर दिया।



PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar
Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड,
P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

भारतीय महिला टीम में बिहार की रिया का चयन

अहमदाबाद में 21 से 31 अक्टूबर तक होगी प्रतियोगिता, पुरुष और महिला वर्ग में 14-14 खिलाड़ियों का चयन

पटना। बिहार के बेगूसराय जिला की रहने वाली रिया कुमारी का आगामी 21 अक्टूबर से अहमदाबाद में होने वाली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 के लिए घोषित भारतीय महिला टीम में चयन किया गया है।

ह जानकारी बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह ने अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भेजे गए पत्र के हवाले से दी। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 31 अक्टूबर तक गुजरात के अहमदाबाद में होगा। फेडरेशन की ओर से जारी सूची के अनुसार भारतीय पुरुष और महिला टीमों में 14-14 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

